संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 25 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 55 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल हुए।

# एनडीए किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

● 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ ट्रांसफर किए गए

**सम्मान निधि**

**▶▶ बिहार में भागलपुर में पहुंचे हैं पीएम मोदी, महाकुम्भ को बदनाम कर रहे हैं जंगलराज वाले : मोदी**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं।

## जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहेः मोदी

**पीएम** ने कहा कि पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना संकट के दौरान भी हमने किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो क्या होता। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं।

## बिहार की धरती में आस्था भी है, विरासत भीः पीएम मोदी

**पीएम** ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा अजगैबीनाथ की इस पावन धरा पर इस समय महाशिवरात्रि की भी तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र समय में, मुझे पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम ने कहा कि महाकुंभ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है और सिल्क सिटी भी है।

# प्रशिक्षु अधिकारियों की भूमिका अहमः राष्ट्रपति



**लेखापरीक्षा**

**▶▶ वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में उनकी अहम भूमिका है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा, भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में उनकी अहम भूमिका है। राष्ट्रपति ने उन्हें भारतीय संविधान के प्रावधानों को ध्यान में रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संपूर्ण संस्था का आधार है। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान के भाग-५ का अध्याय-५ उन्हें संस्था की भूमिका, कर्तव्यों और शक्तियों से अवगत कराता है, वहीं संविधान की प्रस्तावना और कैग की शपथ को अपनी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिकाओं और कर्तव्यों के निर्वहन में प्रत्येक व्यक्ति का मार्गदर्शक होना चाहिए।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को सभी मंत्रियों ने अपना-अपना कार्यभार संभाल लिया है। मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक के अनुसार सरकार ने संकल्प पत्र और दिल्लीवासियों को दी गई सभी गांरटी को पूरा करने को अपनी प्राथमिकता तय की है । दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कार्यभार संभालने के बाद विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। दस वर्षों में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है।

अब हमारी सरकार असंभव को संभव करके दिखाएगी। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कार्यभार संभालते हुए कहा कि हम सभी अपना-अपना कार्यभार संभालकर संकल्प पत्र को पूरा करने में लग गए हैं। आज इसी कार्य की शुरूआत की गई है। प्रत्येक विभाग 100 दिनों का एक्शन प्लान बना रहा है। हमारी प्राथमिकता दिल्लीवासियों को दी गई सभी गांरटियों को पूरा करना है।

# प्रियंका ने पीएम से वायनाड भूस्खलन राहत पैकेज को अनुदान में बदलने का आग्रह किया



**मांग**

**▶▶ 231 शवों के साथ 223 शरीर के अंग बरामद किए गए। 32 लोगों के लापता होने की सूचना मिली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार के राहत पैकेज पर चिंता जताई है। उन्होंने राहत पैकेज को प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता की चौंकाने वाली कमी करार देते हुए इसे अनुदान में बदलने का आग्रह किया है।

प्रियंका गांधी ने पत्र में लिखा कि 30 जुलाई, 2024 को वायनाड संसदीय क्षेत्र के चूरलमाला और मुंडक्कई में और उसके आसपास एक विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। इस आपदा के बाद 298 लोग मृत पाए गए।

231 शवों के साथ 223 शरीर के अंग बरामद किए गए। 32 लोगों के लापता होने की सूचना मिली और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। 17 परिवार जिनके कुल 58 सदस्य थे, पूरी तरह से खत्म हो गए। 1685 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इनमें घर, स्कूल, गांव के कार्यालय, डिस्पेंसरी, आंगनवाड़ी, दुकानें, धार्मिक केंद्र और सरकारी इमारतें भी थीं। वेल्लारमाला और सरकारी निम्न प्राथमिक विद्यालय मुंडक्कई पूरी तरह से नष्ट हो गए।

## ट्रंप ने यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन:** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक झटके में रातों-रात यूनाइडेट स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के लगभग 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। यह फैसला रात 11:59 बजे से प्रभावी हो गया है।

यूएसएआईडी की नोटिस के अनुसार यह फैसला मिशन के महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व और विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगा।

नोटिस में कहा गया है कि लगभग 1600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक अवकाश पर रखा जाएगा।

# इन्वेस्टर्स समिटः दुनिया को भारत से बहुत आशाएं हैंः पीएम मोदी



**समिट**

**▶▶ पीएम नरेंद्र मोदी ने दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की शुरूआत की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार से दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की शुरूआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समिट का शुभारंभ किया। समिट में देश और विदेश के डेलीगेट्स और उद्योगपति मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश की 18 नीतियों का लोकार्पण किया। यह नीतियां प्रदेश में विकास की गति को नई दिशा देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश का यही समय सही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि आज मुझे यहां आने में विलंब हुआ, इसके लिए मैं आप सबसे क्षमा चाहता हूं। विलंब इसलिए हुआ क्योंकि कल जब मैं यहां पहुंचा तो एक बात ध्यान में आई कि आज 10वीं और 12वीं के छात्रों के एग्जाम हैं। उसका समय और मेरा राजभवन से निकलने का समय क्लेश हो रहा था।

उसके कारण संभावना थी कि सिक्युरिटी के कारण अगर रास्ते बंद हो जाएं और बच्चों को परीक्षा के लिए जाने में कठिनाई हो जाए। ये कठिनाई न हो, बच्चे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं। इसके कारण मैंने निकलने में ही 10-15 मिनट की देरी कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में आज का ये कार्यक्रम बहुत अहम है। इस भव्य आयोजन के लिए मैं मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी ऑप्टिमिस्टिक है। पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हो, अर्थनीति के विशेषज्ञ हो, विभिन्न देश हो या फिर इंस्टीट्यूशन इन सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के रेल नेटवर्क को भी मॉर्डनाइज किया जा रहा है। भोपाल का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन आज सभी का मन मोह लेता है।

# संभल जामा मस्जिद का कुआं सार्वजनिक भूमि हैः उप्र सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** संभल की शाही जामा मस्जिद के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर कहा है कि संभल जामा मस्जिद में जो कुआं है वो सार्वजनिक भूमि है और ये कुआं मस्जिद परिसर के भीतर नहीं है। न केवल कुआं बल्कि मस्जिद भी सार्वजनिक भूमि पर स्थित है। स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि मस्जिद वाला कुआं उन 19 कुओं का हिस्सा है जिन्हें जिला प्रशासन की ओर से पुनर्जीवित किया जा रहा है। इनका रेनवाटर हार्वेस्टिंग के जरिये पुनर्जीवन होने के बाद सभी समुदायों के लोग इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे सांस्कृतिक रूप से भी संभल पर्यटन को आकर्षित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी को मस्जिद से जुड़े कुएं को लेकर नगरपालिका के नोटिस के अमल पर रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मस्जिद प्रबंधन कमेटी की याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी किया था। 29 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने संभल के ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो जामा मस्जिद विवाद मामले पर तब तक कोई कार्रवाई न करे जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट कोई निर्देश न दे दे।

# एफटीए पर बातचीत के लिए भारत पहुंचे ब्रिटेन के मंत्री



**चर्चा**

**▶▶ भारत-ब्रिटेन आठ महीने के अंतराल के बाद एफटीए पर बातचीत की शुरूआत फिर से करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः यूनाइटेड** किंगडम (यूके) के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। भारत पहुंचने पर उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री से मुलाकात की। भारत-ब्रिटेन आठ महीने के अंतराल के बाद एफटीए पर बातचीत की शुरूआत फिर से करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा, "ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स से मिलकर और उनका अतुल्य भारत में स्वागत करके बहुत खुशी हुई। उन्होंने आगे लिखा है कि चचाओं से भरपूर एक दिन का बेसब्री से इंतजार है।" ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच एफटीए पर 15वें दौर की बातचीत ट्रंप के नए टैरिफ की छाया में होगी, जिसने दुनिया को अनिश्चितता में डाल दिया है। उधर, यूके सरकार के एक बयान के अनुसार दोनों देशों के बीच एफटीए पर दो दिवसीय बातचीत का उद्देश्य एक आधुनिक आर्थिक सौदे पर चर्चा को आगे बढ़ाना है, जो द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के लिए आर्थिक विकास प्रदान करेगा। ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा। ारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर बातचीत की शुरूआत 23 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते से आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इस बातचीत के जरिए व्यापार को बढ़ावा देने, टैरिफ और निर्यात-निवेश को सरल बनाने का लक्ष्य है।






# डिजिटल सशक्तीकरण सिर्फ नीतियां नहीं, भविष्य की राह हैं : चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों में 21वें अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) के विचार-मंथन सत्र से** जो सामूहिक दृष्टिकोण सामने आया है, वह निश्चित रूप से एशिया और अफ्रीका-क्षेत्र के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करेगा और यह इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में काफी मददगार साबित होगा। यह बात केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कही। एएआरडीओ के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि एशिया के चावल के खेतों से लेकर अफ्रीका के भूदृश्यों तक हमारी लोक परंपराओं और घनिष्ठ समुदायों में जो सामूहिक दृष्टि उभरी है, हमारे लोग उसी भविष्य-सम्मान, अवसर और प्रगति की तलाश में हैं। उन्होंने बताया कि एएआरडीओ की अध्यक्षता संभालना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी भी है, खाद्य सुरक्षा, जलवायु लचीलापन और डिजिटल सशक्तीकरण पर हमारी गतिविधियां और चचाएं केवल नीतियां नहीं हैं, यह भविष्य का रास्ता है। इस सम्मेलन ने इस बात की पुष्टि की है कि विकास तब सबसे मजबूत होता है जब यह समुदाय में निहित होता है, स्थानीय ज्ञान, प्रौद्योगिकी और दक्षिण-दक्षिण सहयोग से प्रेरित होता है। एएआरडीओ में भारत के रुख को व्यक्त करते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि हमारी यात्रा साझा है और हमारी प्रगति सामूहिक होनी चाहिए। हममें से प्रत्येक को एक-दूसरे से सीखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए कि विकास एशिया-अफ्रीका के सबसे दूरदराज के गांवों तक भी पहुंचे। प्रत्येक प्रतिभागी को उनकी अंतर्दृष्टि, मैत्री और एकता के लिए धन्यवाद देते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि यह मंच एक नई प्रतिबद्धता प्रदान करेगा और एकजुट मिशन के साथ उद्देश्य में मजबूती के लिए दृष्टि प्रदान करेगा।



**दृष्टि उभरी**

**अफ्रीका के भूदृश्यों तक हमारी लोक परंपराओं और घनिष्ठ समुदायों में जो सामूहिक दृष्टि उभरी है**

## शराब तस्करी में कार चालक पकड़ा, 40 पेटी शराब जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** हरियाणा से कार में छिपाकर शराब की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को द्वारका जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नवीन के रूप में हुई है। उसकी कार से पुलिस ने 40 पेटी अवैध शराब जब्त की है। पुलिस आरोपित के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि द्वारका जिले की स्पेशल स्टाफ को अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री में शामिल लोगों की धरपकड़ के काम में लगाया गया है। इस बीच स्पेशल स्टाफ टीम को सूचना मिली कि कार में एक व्यक्ति हरियाणा से शराब की तस्करी करता है। इस आधार पर ढिचाऊं कलां गांव के रास्ते में जाल बिछाकर पुलिस टीम ने कार चालक नवीन को गिरफ्तार किया। कार की तलाशी में शराब की 40 पेटी बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि नवीन बेरोजगार है। वह हरियाणा से शराब लाकर द्वारका इलाके में बेचता था।

# अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला आज

**सुनवाई**

**अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर 25 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का कथित तौर पर नेतृत्व करने के मामले में दर्ज नई एफआईआर के मामले में आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान को कल यानी 25 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर 25 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 13 फरवरी को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया और घटना की एक सीसीटीवी फुटेज कोर्ट के सामने पेश की। कोर्ट ने कहा कि उसे सीसीटीवी फुटेज पर ध्यान से देखने के लिए समय चाहिए। दिल्ली पुलिस ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के मामले में 11 फरवरी को अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस के मुताबिक अमानतुल्लाह खान पर हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़े आरोपित शाबाज खान को पुलिस हिरासत से भागने में मदद करने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक क्राईम ब्रांच की टीम ने शाबाज खान को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। अमानतुल्लाह खान के समर्थकों के पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर भिड़ने की वजह से शाबाज मौके से भाग निकला। अमानतुल्लाह के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस की सुनवाई चल रही है। ईडी ने 2 सितंबर 2024 को अमानतुल्लाह को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों में अमानतुल्लाह खान ही मुख्य आरोपित है। एक मार्च 2023 को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने दक्षिणी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान में बाधा डालने के मामले में अमानतुल्लाह खान को आरोप मुक्त कर दिया था।

# चोरी के गहने मुथूट फाइनेंस में रखे गिरवी, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। द्वारका** जिला पुलिस ने चोरी के गहने मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर लोन लेने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दिनेश उर्फ दीनू के रूप में हुई है। वह छावला इलाके का रहने वाला हैं। उसके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद हुए हैं। आरोपित पहले भी चोरी के मामलों में पकड़ा जा चुका है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि छावला निवासी सुशील ने पुलिस को घर में चोरी की सूचना दी। तत्काल पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के बयान लेकर मामला दर्ज किया। छावला पुलिस टीम ने घटना के संबंध में आस पड़ोस के लोगों से भी पूछताछ की। इलाके में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी गई। इस दौरान एक संदिग्ध युवक की तस्वीर मिली। उसको इलाके में मुखबिरों को दिखाया गया, जिसके बाद पुलिस टीम ने छठ घाट गोयला डेयरी के समीप चोरी के आरोपित दिनेश उर्फ दीनू को दबोच लिया। दिनेश उर्फ दीनू भी उसी इलाके का रहने वाला है, जहां शिकायतकर्ता रहता है। पूछताछ में सामने आया कि दिनेश दिखाने के लिए पिता के साथ मजदूरी करता था लेकिन उसका मुख्य काम लोगों के घरों में चोरी करना था।
उसे चोरी के कई मामलों में पकड़ा जा चुका है। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने चोरी के आभूषण बरामद किए। इसके अलावा मुथूट फाइनेंस की एक रसीद भी मिली। पूछताछ में पता चला उसने सोने की काफी गहने गिरवी रखे हैं। इन सभी मामलों की जांच की जा रही है।

## 'परिजन हमारी लेना चाहते हैं जान'

**बुलंदशहर :** अनुसूचित वर्ग के अपने प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही युवती पांच महीने की गर्भवती है। बीते दिनों पीड़िता के दादा ने उसके लिव इन पार्टनर के खिलाफ पीड़िता को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **परवेश कुमार उर्फ पंकज**, पुत्र दिवेन्द्र कुमार, निवासी- मकान नं. एन 152, गली नं. 7, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 71/2021 धारा 356/379/411 भा.द.स और ई एफ आई आर नंबर 001004/20 धारा 411/34 भा.द.स थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवेश कुमार उर्फ पंकज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवेश कुमार उर्फ पंकज** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **परवेश कुमार उर्फ पंकज, एफ आई आर नंबर 71/2021 धारा 356/379/411 भा.द.स और ई एफ आई आर नंबर 001004/20 धारा 411/34 भा.द.स थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.03.2025 को **एफ आई आर नंबर 71/2021** के लिए और 02.04.2025 को **ई एफ आई आर नंबर 001004/20** के लिए या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री शशांक नंदन भट्ट**
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 356, तीसरी मंजिल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2031/WD/2025

## हर्ष फायरिंग में दो हलवाई घायल, दोनों अस्पताल में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा :** साकीपुर आशीर्वाद मैरिज होम में शनिवार को एक शादी समारोह के दौरान की गई फायरिंग में दो हलवाई घायल हो गए। घायलों की पहचान मुरैना मध्य प्रदेश के हलवाई संतोष (35) और ईश्वर दयाल (23) फिरोजाबाद के रूप में हुई है। घायलों को तत्काल इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों की हालत गंभीर बताई है। जानकारी के अनुसार बिसरख से साकीपुर गांव में बारात गई थी। 130 मीटर रोड के समीप आशीर्वाद मैरिज होम में बारात आने के बाद रात करीब साढ़े दस बजे कुछ लोगों ने खुशी में हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान दो गोली वहां काम कर रहे हलवाई संतोष और ईश्वर दयाल को जा लगी। हलवाई को गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सूरजपुर कोट अली पुलिस मौके पर पहुंची और

# मन की बात को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो केंद्र) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में मन की बात को एक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया है। यूजीसी के अध्यक्ष को संबोधित पत्र में नमो केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी द्वारा प्रसारित रेडियो कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया, जिसने सफलतापूर्वक 110 से अधिक एपिसोड पूरे कर लिए हैं।
नमो केंद्र के पत्र में कहा गया है, मन की बात का यह कार्यक्रम प्रेरणा, प्रोत्साहन और राष्ट्र निर्माण के विचारों का स्रोत रहा है। इसमें सामाजिक सुधार, युवा सशक्तिकरण, नवाचार, आत्मनिर्भरत भारत और भारत की सांस्कृतिक विरासत सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से उच्च शिक्षा में मन की बात को अनिवार्य विषय बनाने का आग्रह किया है। अनुरोध में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि "इस विषय का अध्ययन छात्रों को दृढ़ संकल्प और सफलता के वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।" नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का हवाला देते हुए पत्र में कहा गया है, "हम उच्च शिक्षा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन मन की बात को अनिवार्य विषय बनाने की दृढ़ता से अनुशंसा करते हैं। इससे छात्रों को भारत के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में नेतृत्व की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।"

## वारदात को अंजाम देकर बस से भागे लुटेरे...

**हापुड़ :** हापुड़ के थाना पिलखुवा क्षेत्र के परतापुर चुंगी के पास चार जनवरी को निर्मल गैस एजेंसी के मुनीम से हुई 3.22 लाख रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लूटी गई 1.30 लाख रुपये की नगदी, लूट के रुपये से खरीदी गई बाइक, रुपये जमा करने की पर्ची, हैंडबैग व अवैध असलहा बरामद किया है। आरोपियों ने 13 फरवरी को गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में पेट्रोल पंप कर्मचारी से हुई 10.70 लाख रुपये व 27 मई 2024 को थाना कविनगर क्षेत्र से एचपीसीएल पेट्रोल पंप के मैनेजर से 9.50 लाख रुपये की लूट करना भी स्वीकार किया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि. / क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | डीएलआई डिवीजन में ऑटो टेंशन डिवाइसेस (एटीडी) की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच)। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 3,33,83,636.22 |
| 3 | बयाना राशि | रु. 3,16,900/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 06.03.2025 (10:30 बजे) से 20.03.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 20.03.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 070-410-32 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 28A–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक: 24.02.2025 607/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

No. 2023/Track-III/MC/4 New Delhi, Dated : 24.02.2025

शुद्धिपत्र–III

विषयः दो नग सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक एंड टर्न आउट मेजरमेंट कार (STTMC) विथ ट्रैक एंड टर्न आउट मॉनिटरिंग सिस्टम (TTMS) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2405

वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित पूर्व बोली सम्मेलन की प्रतिक्रियाएं, वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र एवं संशोधित निविदा दस्तावेज वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (एम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

605/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) गुरफान, पुत्रः** इजराहिल **(2) सोनू उर्फ रेफर उर्फ सदेर अलम पुत्रः** मो.– तमन्ना, **पताः** झुग्गी नंबर– 272, राखी मार्केट, जखीरा, **दिल्ली FIR No. 494/20, U/s: 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गुरफान (2) सोनू उर्फ रेफर उर्फ सदेर अलम,** मिल नही रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गुरफान (2) सोनू उर्फ रेफर उर्फ सदेर अलम,** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) गुरफान (2) सोनू उर्फ रेफर उर्फ सदेर अलम, FIR No. 494/20, U/s: 356/379/411 IPC, पुलिस थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मनुज कौशल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (केंद्रीय)
केन्द्रीय जिला कमरा नंबर 37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2145/N/2025
(Court Matter)

# घर में युवक ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मध्य जिले के पहाड़गंज इलाके में जसमीत उर्फ जश्न नामक एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 11 बजे के करीब थाना पहाड़गंज में आत्महत्या के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उताकर कब्जे में लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था और अक्सर माता-पिता से झगड़ा करता था। 22 फरवरी की शाम करीब 7 बजे शराब के नशे में उसने मां से झगड़ा किया और उसे पीटने की कोशिश की। इसके बाद वह घर से निकल गया। उसके वापस आने और आगे के झगड़े के डर से माता-पिता घर में ताला लगाकर गाजियाबाद में अपनी बेटी के घर चले गए। इस बीच मृतक के माता पिता को पड़ोसी ने बताया कि किसी ने उनके घर का ताला तोड़ने की कोशिश की है। पिता तेजिंदर घर की चाबी लेकर मामले की जांच करने के लिए आए। 23 फरवरी की रात करीब 10 बजे तेजिंदर घर आये तो देखा ताला नहीं टूटा है। उन्होंने ताला खोला और अंदर गए तो देखा कि बेटा फंदे से लटका हुआ है। शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक बालकनी के रास्ते घर में घुसा था। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विजेंद्र गुप्ता चुने गए दिल्ली विधानसभा के स्पीकर

**जिम्मेदारी**

**मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं नवनिर्वाचित विधायकों ने सदस्यता की शपथ ली, सदन में पहले ही दिन हुआ हंगामा**







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/शिवानी मोरवाल**

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की सरकार बनने का बाद नवनिर्वाचित दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हुआ। आठवीं विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं नवनिर्वाचित विधायकों ने सदस्यता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद सर्वसम्मति से वरिष्ठ भाजपा नेता विजेन्द्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विधानसभा सत्र के शुरू होने से उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर वरिष्ठ भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को शपथ दिलाई। इसके बाद विधानसभा में अरविंदर सिंह लवली ने एक-एक कर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों को सदस्यता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद उनके छह कैबिनेट मंत्रियों प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने शपथ ली। इसके शेष सभी विधायकों ने क्रमानुसार शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विजेन्द्र गुप्ता को सदन का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। विजेन्द्र गुप्ता के अलावा किसी अन्य का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव नहीं आया। इसके बाद प्रस्ताव पर सदन की सहमति ली गई और उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद परंपरागत तौर पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता यानी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने निर्वाचित अध्यक्ष को विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक पहुंचाया। इसके बाद कुछ विधानसभा सदस्यों ने विजेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष बनाए जाने के बधाई प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। इसके बाद नेता विपक्ष की आतिशी ने भी उनके तीन कार्यकाल के दौरान उनके व्यवहार की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। इसी बीच बधाई प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबा साहेब भीम राव आम्बेडकर और सरदार भगत सिंह के चित्र हटाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे दलित और सिख विरोधी बताया। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने उन्हें रोककर निंदा करते हुए कहा कि बधाई प्रस्ताव के दौरान इस तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसी बीच हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। दोबारा शुरू होने पर भी विपक्ष के नेताओं का विरोध जारी रहा है। इसी बीच कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

**राजकुमार भाटिया, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र:** मैं राजकुमार भाटिया, ईश्वर की शपथ लेता हूं कि श्रद्धापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विकास का एक नया अध्याय लिखूंगा। क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करवाना और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र वास्तव में आदर्श बनाना ही मेरा परम कर्तव्य होगा। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा।



**अशोक गोयल देवराहा, विधायक, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र:** आज मैंने दिल्ली विधानसभा में बतौर विधानसभा सदस्य शपथ ग्रहण की। जो अटूट विश्वास मॉडल टाउन की देवतुल्य जनता ने मुझे पर जताया है उसके लिए मैं सदैव जनता का आभारी रहूंगा और विकास करके दिखाउंगा। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाऊंगा और विकास कार्यों की झड़ी लगा दूंगा।



**राजकरण खत्री, विधायक, नरेला विधानसभा क्षेत्र:** आज दिल्ली विधानसभा में सदस्य के रूप में शपथ लेने का सौभाग्य मिला। विकसित दिल्ली और विकसित नरेला के सपने को साकार करने की तरफ एक और कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा में सुशासन और विकसित दिल्ली के लिए परिवर्तन की नींव रखी जा रही है। मैं इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।



**पूनम शर्मा भारद्वाज, विधायक, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र:** आज विधानसभा में एमएलए की शपथ लेने का अवसर मिला, यह एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान की बात है। मैने जो शपथ ली है, उसे निभाने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करूंगी। अपने क्षेत्र में समस्याओं का समाधान करना और अपने पद का सही और निष्पक्ष रूप से पालन करना मेरी प्राथमिकता होगी।



**दीपक चौधरी, विधायक, बादली विधानसभा क्षेत्र:** मैं अहीर दीपक चौधरी, जो विधानसभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं, ईश्वर की शपथ लेता हूं मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखूँगा, तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूँगा।



# दिल्ली में प्रदूषण का स्तर घटा, हटाई गई ग्रैप-2 की पाबंदियां



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राजधानी में प्रदूषण का स्तर घट गया है। सोमवार को राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 186 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली -एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण दो की पाबंदियां हटा ली हैं।

इसके तहत अब डीजल जनरेटर चलाए जा सकेंगे, वहीं निजी गाड़ियों के लिए पार्किंग फीस भी कम हो सकेगी। हालांकि राजधानी में ग्रैप- एक की पाबंदियां लागू रहेंगी।

सोमवार को सीएक्यूएम की उपसमिति ने आपात बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। एक्यूआई में आई गिरावट और मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मद्देनजर ग्रैप-2 की पाबंदियां हटाने का फैसला लिया गया है।

**ग्रैप-2 की पाबंदियां हटने इन्हें मिलेगी राहत**

**कोयले और जलाऊ लकड़ी पर प्रतिबंध:** रेस्तरां और होटलों में तंदूर सहित कोयले और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर प्रतिबंध था।

**डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध:** आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, डीजल जनरेटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था

**निर्माण और विध्वंस पर प्रतिबंध:** निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसमें राजमार्ग, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल थे।

**यंत्रीकृत सफाई:** सड़कों की सफाई यंत्रीकृत तरीके से की जाती है

**पानी का छिड़काव:** सड़कों पर प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाता था।

**एंटी-स्मॉग गन:** एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जाता है

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सर्दियों के दौरान ग्रैप प्रतिबंध लागू करता है।

## हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान त्रिनगर निवासी भारत के रूप में हुई है।

पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक 22 फरवरी को केशव पुरम थाना पुलिस को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप लॉरेंस रोड के पास एक युवक को चाकू मारा है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पूछताछ करने पर पता चला कि घायल को राहगीरों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अस्पताल पहुंची। जांच में घायल की पहान जस करण उर्फ हॉनी उर्फ टिम्मी के रूप में हुई।

# हाउस टैक्स जमा कराने वालों का पिछला बकाया होगा माफ

**फैसला**

**25 फरवरी को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी इस प्रस्ताव को पास कराएगी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली नगर** निगम की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि समय से वित्तीय वर्ष 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान करने वालों का पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आज पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की।

इसमें उन्होंने कहा कि जो भी तय समय सीमा के अंदर वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूरा हाउस टैक्स जमा कर देंगे, उनका पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली के तेरह सौ हाउसिंग अपार्टमेंट को हाउस टैक्स में कोई रियायत नहीं मिलती थी। अब इनका भी अगले वित्तीय वर्ष में 25 फीसद हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। 25 फरवरी को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी इस प्रस्ताव को पास कराएगी। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में सहूलियत देने के लिए काम किया है। आआपा ने एमसीडी के बारे में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इसके तहत जो लोग 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान कर देंगे, उनका पिछला सारा बकाया हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। संजय सिंह ने बताया कि समय से हाउस टैक्स का भुगतान करने पर अगले वित्तीय वर्ष में एक सौ गज से पांच सौ गज तक के भवन का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। एक सौ गज से कम बने भवनों का हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। रिहायशी मकानों में जिनमें दुकानें चल रही हैं और उनके व्यावसायिक हाउस हैं। उनका हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। दिल्ली के अंदर जो 13 सौ हाउसिंग अपार्टमेंट हैं, उनका 25 फीसद तक हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। दुर्गेश पाठक ने कहा कि डेढ़ साल पहले एमसीडी में कर्मचारियों को कभी समय पर वेतन नहीं मिलता था। आखिरी बार उन्हें 2008-2009 में समय पर वेतन मिला था। उन कर्मचारियों को आज महीने की पहली तारीख को वेतन मिलता है।

# तस्वीरों पर भाजपा और आप आमने-सामने, एक-दूसरे को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम ऑफिस में बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरों पर भाजपा और आप आमने-सामने आ गई है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया, 'भाजपा के सत्ता में आते ही सीएम ऑफिस से बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें हटा दीं। इसके कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने सीएम ऑफिस की एक तस्वीर जारी की। कहा कि आप झूठ बोल रही है। सीएम ऑफिस में अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें लगी हैं। बस उनकी जगह बदली गई। इसे लेकर दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान सोमवार को आप ने हंगामा भी किया।पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी शहीद भगत सिंह को अपना आदर्श मानती है। अन्ना आंदोलन के वक्त भी शहीद भगत सिंह की तस्वीर को लेकर प्रदर्शन किए। पंजाब में जब 2022 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो





मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 16 मार्च 2022 को शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां में शपथ ली थी। तब से दिल्ली और पंजाब के सीएम ऑफिस में मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे शहीद भगत सिंह और अंबेडकर की फोटो लगाई जाने लगीं। आतिशी ने दोपहर 2:11 बजे आरोप लगाया था। भाजपा ने 2 घंटे (शाम 4 बजे) बाद दिल्ली बीजेपी ने उट रेखा गुप्ता के दफ्तर की नई तस्वीर जारी की। इसमें रेखा गुप्ता की सीट के पीछे वाली दीवार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और महात्मा गांधी की तस्वीर नजर आ रही है। प्रोटोकॉल के मुताबिक तस्वीरें वहां होंगी, चाहे वह बाबा साहेब की हों, भगत सिंह की हों या महात्मा गांधी की। कई बार प्रधानमंत्री और महात्मा गांधी की भी तस्वीरें होती हैं।

# सामाजिक सुरक्षा देश की प्रतिबद्धता का बुनियादी स्तंभ: मंडाविया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।**। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को कहा कि सामाजिक सुरक्षा भारत की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का एक बुनियादी स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इसकी पहुंच 2021 में कुल आबादी का 24.4 फीसदी से बढ़कर 2024 में 48.8 फीसदी हो गई है। केंद्रीय श्रम मंत्री यहां सामाजिक न्याय एवं ईएसआईसी के 74वें स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय संवाद को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सामाजिक न्याय 2025 पर क्षेत्रीय संवाद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "बेरोजगारी दर 2017-18 में 6 फीसदी से घटकर 2023-24 में 3.2 फीसदी हो गई है जबकि श्रम बल भागीदारी दर 49.8 फीसदी से बढ़कर 60.1 फीसदी हो गई है।" उन्होंने बताया कि 29 श्रम कानूनों को चार सरल श्रम संहिताओं में समाहित करने से श्रम कल्याण, सार्वभौमिक मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही सुरक्षित कार्य स्थितियों को सुनिश्चित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन सुधारों ने पंजीकरण, लाइसेंस और अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके व्यापार करने में आसानी में भी सुधार किया है। ये सकारात्मक संकेतक हमारे सुधारों और पहलों के प्रभाव को रेखांकित करते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रम सुधार भारत की कार्यबल नीतियों को आधुनिक बनाने के प्रयासों का आधार रहे हैं। मनुसख मंडाविया ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक और महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भारत के केंद्रीय बजट 2025-26 में 2047 तक 70 फीसदी महिला कार्यबल भागीदारी हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

# इंजीनियर रशीद ने हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ली

**सुनवाई**

**वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितनी जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करें**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितनी जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करें।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले स्पष्टीकरण के बाद दिल्ली हाई कोर्ट की रजिस्ट्री ने बताया था कि पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल एनआईए कोर्ट इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकता है। दस फरवरी को हाई कोर्ट ने रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए



कस्टडी पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी। उसके बाद रशीद ने संसद सत्र में हिस्सा लिया था। रशीद इंजीनियर ने 4 अप्रैल तक चलने वाले संसद के सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को एनआइए को नोटिस जारी किया था। रशीद इंजीनियर ने 28 अक्टूबर 2024 को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। 10 सितंबर 2024 को पटियाला हाउस कोर्ट ने रशीद इंजीनियर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के लिए 2 अक्टूबर 2024 तक अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद से कोर्ट ने रशीद इंजीनियर की दो बार अंतरिम जमानत बढ़ाई थी। रशीद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी। रशीद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, रशीद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई।






मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास - केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश - लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास - केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश - केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास - केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश - केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास - केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश - केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रय:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें
महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान
रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
367/25 (A)
@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# हरियाणा को ट्रिपल इंजन सरकार की आवश्यकता: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को रोहतक में हरियाणा स्थानीय निकाय चुनाव-2025 के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह संकल्प पत्र हरियाणा के विकास का रोडमैप है, जिसमें किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी और मजदूर सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। यह दस्तावेज जनता से मिले सुझावों और उनकी आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल ने भी संकल्प पत्र को हरियाणा के शहरों को विकसित करने की रूप रेखा करार दिया। यहां पहले प्रदेश



स्तरीय और फिर तुरंत बाद रोहतक के संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, संकल्प पत्र समिति के सदस्य विजयपाल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार,, प्रवक्ता नेहा धवन भी उपस्थित रही।
अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संकल्प पत्र में शामिल विकास के 21 प्वाइंटों को मीडिया के सामने रखा। श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा को तेज गति से विकास के लिए ह्लट्रिपल इंजन सरकारह्व की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पहला इंजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार है, जो वित्तीय सहायता और नीतिगत सहयोग प्रदान कर रही है। दूसरा इंजन हरियाणा सरकार है जो इन योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू कर रही है। तीसरा इंजन नगर निकायों में भाजपा की सरकार होगी जो स्थानीय स्तर पर विकास को गति देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब ये तीनों इंजन एक साथ काम करेंगे तो हरियाणा का विकास पहले से कहीं अधिक तेजी



से आगे बढ़ेगा, जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 20 वर्षों से अधिक समय से भूमि पर काबिज परिवारों को भूमि और मकान का मालिकाना हक प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे उनकी विधिवत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की जा सके। स्वामित्व योजना के तहत नगर सीमा में आने वाले परिवारों को विशेष राहत दी जाएगी। महिलाओं के नाम पर दर्ज मकानों को 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट मिलेगी और अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली गांव की भूमि पर हाउस टैक्स का पुनर्गठन किया जाएगा और अधिग्रहित भूमि पर बने मकानों को विशेष टैक्स राहत दी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और पार्कों में योग के लिए समर्पित स्थान बनाए जाएंगे। स्मार्ट सड़कों का विकास सभी स्थानीय निकायों में किया जाएगा और छोटे व्यवसायों तथा स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता दी जाएगी। औद्योगिक

**विकास पर बल**

**जब ये तीनों इंजन एक साथ काम करेंगे तो हरियाणा का विकास पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ेग**

और रासायनिक कचरे के निस्तारण के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिससे शहरी विकास को टिकाऊ बनाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया की बेहतर शासन के लिए, स्थानीय निकायों की समस्याओं का स्थायी समाधान लागू किया जाएगा, जिसमें आधुनिक सेवा केंद्रों की स्थापना शामिल होगी। टियर-2 और टियर-3 शहरों में उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री के साथ आधुनिक पुस्तकालय बनाए जाएंगे। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# कॉलेजों में 55 प्रतिशत से उपर लेक्चरर के पद पड़े हैं खाली: इनेलो

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार हरियाणा में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करके प्रदेश के युवाओं का भविष्य खराब करने पर तुली है। जहां सरकारी स्कूलों में अध्यापकों समेत अन्य सुविधाओं की भारी कमी है वहीं अब एक आरटीआई द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग से मिली बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि हरियाणा के 281 कॉलेजों में लेक्चरर के करीब साढ़े चार हजार पद खाली पड़े हैं जिनकी संख्या कुल स्वीकृत पदों की 55 प्रतिशत से उपर बनती है। इससे भी गंभीर विषय यह है कि जो 45 प्रतिशत नियमित लेक्चरर पढ़ा रहे हैं उनमें से भी 60 प्रतिशत से उपर अतिथि और एक्सटेंशन लेक्चरर हैं। यही नहीं करीब सौ एडेड कॉलेजों में 39 प्रिंसिपल ही नहीं हैं जिनकी संख्या

**साधा निशाना**

**आरटीआई द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग से मिली बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई: अभय**

भी लगभग 40 प्रतिशत बनती है। हर साल सेवानिवृत्ति के कारण लेक्चरर और प्रिंसिपल के पद खाली हो रहे हैं। लेकिन बीजेपी सरकार ने लेक्चरर की स्थाई भर्ती करने के बजाय कॉलेजों की शिक्षा का जिम्मा अतिथि और एक्सटेंशन लेक्चरर के उपर छोड़ रखा है। ऐसे में विद्यार्थी अच्छी शिक्षा कैसे पाएंगे और कैसे आगे अपने भविष्य को संवारेंगे?। बीजेपी सरकार को यह समझना होगा कि बिना लेक्चरर के विभिन्न विषयों में कॉलेज की पढ़ाई कर रहे बच्चे संबंधित विषयों का ज्ञान प्राप्त करने से महरूम हो रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से प्रदेश का होगा तेज गति से विकास: सैनी

**चंडीगढ़, 24 फरवरी-** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास बढ़ा है और इसी के चलते केंद्र व हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है और अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से तीन गुना तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार बनते ही घोषणा पत्र के अनुरूप बिना खर्ची -बिना पर्ची के आधार पर चयनित हुए 25000 युवाओं को नौकरी जॉइन करवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने गौरवशाली विकास के 100 दिनों के भीतर संकल्प पत्र के अनुरूप प्रदेश में किडनी पेशेंट को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी है। इसी प्रकार हर घर-हर गृहणी योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपए से कम आय वाले घरों में महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे करीब 15 लाख परिवार लाभान्वित हुए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने कहा कि सरकार ने लंबे समय से जमीन पर कास्त करने वाले मालिकाना हक से वंचित किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार, पंचायती भूमि पर 20 साल से अधिकसमय से लोगों ने मकान बनाए हुए हैं, उनको भी मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। सरकार ने आढ़तियों द्वारा कमीशन बढ़ाने की मांग पर गौर करते हुए 40 रुपए से 55 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन करने का काम किया, जिसके तहत 309 करोड़ रुपए उनके खाते में पहुंचाएं हैं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गरीब एवं पात्र परिवारों के घरों पर 2 किलो वाट तक सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 12,500 से अधिक परिवारों के घरों पर 2 किलो वाट के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से 80 हजार रुपये सब्सिडी तथा शेष राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मातृ भाषी सत्याग्रहियों की पेंशन को 15000 रुपए से बढ़कर 20000 रुपये करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गरीब परिवार को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो, इसी के चलते प्रदेश में सुगम परिवहन के लिए हैप्पी कार्ड योजना लागू की गई है, जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख रुपए तक या इससे कम है, उन परिवारों के हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रदेश में 30 से 35 लाख लोगों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिसके तहत हैप्पी कार्ड धारक हरियाणा परिवहन की बसों में 1 साल में 1000 किलोमीटर की यात्रा फ्री कर सकता है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की आस्था के चलते ही सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की है सरकार ने सरकारी बसों के माध्यम से इच्छा अनुसार लोगों को बसों में फ्री अयोध्या भेजने का काम किया था। इसी प्रकार से सरकार द्वारा कुंभ में भी हर एक जिले से बसें भेजी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए समर्पित है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा,पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

### महिला यौन उत्पीड़न शिकायतों की सुनवाई को बनेंगी कमेटियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा में महिलाओं के साथ उनके कार्यस्थल पर होने वाली छेड़छाड़ व अन्य घटनाओं की सुनवाई के लिए राज्य और जिला स्तर पर समितियां बनाई जाएंगी। जिला स्तरीय समितियों में गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की महिला प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी अनुपमा ने सोमवार को राज्य और जिला स्तर पर समितियां गठित करने के आदेश जारी किए हैं। यह नियुक्तियां तीन साल के लिए होंगी। राज्य स्तरीय कमेटी में विभाग की उपनिदेशक वंदना शर्मा पीठासीन अधिकारी होंगी, जबकि सहायक गंगा रानी तथा जिला रेडक्रास सोसायटी पंचकूला की सचिव सविता अग्रवाल को सदस्य बनाया गया है। जिला स्तरीय कमेटी में संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी पीठासीन अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सदस्य होंगे। इसके अलावा उपायुक्त की सिफारिश से गैर सरकारी संगठन की पदाधिकारी को भी सदस्य नियुक्त किया जाएगा।

# सोनीपत रेलवे स्टेशन का किया जा रहा आधुनिकीकरण: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सोमवार सुबह के समय रेलवे स्टेशन पर जनसंपर्क अभियान चलाया और रेलवे यात्रियों से मुलाकात कर अपने लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अब आधुनिकता के साथ ह्यअमृत भारत स्टेशनह्व के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है । इसी योजना के तहत सोनीपत रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इस कार्य पर रेलवे मंत्रालय 29 करोड़ रुपये खर्च करेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन को मॉडर्न लुक प्रदान किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन को न सिर्फ हाईटेक किया जा रहा है, बल्कि यहां फूड कोर्ट, कैफे, वेटिंग रूम, रिटायरिंग रूम के अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त बुकिंग कार्यालय की सुविधा भी लोगों को मुहैया करवाई जाएगी । राजीव जैन ने कहा कि दिल्ली व अंबाला की तरफ आवागमन करने वाले 40 हजार से अधिक यात्रियों को जल्द ही इन सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा । सोनीपत रेलवे स्टेशन पर जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक निखिल मदान सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन के लिए रेलवे यात्रियों



से वोटों की अपील की। इस दौरान दैनिक रेलवे यात्रियों ने राजीव जैन को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया।
इस दौरान राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप देश में वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत, नमो भारत जैसी नई ट्रेन शुरू हुई है। उन्होंने दैनिक यात्रियों की समस्याओं को दूर करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना कल में हिमालयन क्वीन गाड़ी बंद कर दी गई इसे दोबारा शुरू कराई जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए दो पैसेंजर गाड़ी दिल्ली से पानीपत की तरफ सुबह 8:50 बजे और 10:00 बजे चलाई जाएगी। सभी ईएमयू गाड़ियों में चार-चार डिब्बे अतिरिक्त लगाए जाएंगे । सचखंड

**चुनाव प्रचार**

**नमो भारत जैसी नई ट्रेन शुरू हुई है। उन्होंने दैनिक यात्रियों की समस्याओं को दूर करवाने का भरोसा दिया**

एक्सप्रेस और होशियारपुर एक्सप्रेस का ठहराव करवाया जाएगा। मंडी क्षेत्र की तरफ सीढ़ियों वाले फुट ओवर ब्रिज बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण के लिए रेल मंत्री से भी मुलाकात कर चुके हैं और रेल मंत्री ने यात्रियों की सुविधा के लिए हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है । रेलवे स्टेशन के बाद भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने रेलवे स्टेशन के बाद पुरखास अड्डा में जिम संचालकों की बैठक, सब्जी मंडी, छोटी मस्जिद मार्केट, गीता भवन मोबाइल मार्केट, सेक्टर-14 मार्केट, दिल्ली रोड , बाबा कॉलोनी, गढ़ शहजानपुर, आरके कॉलोनी, इंद्रा कॉलोनी बहालगढ़, सुदामा नगर, लिबासपुर, खारी कुआं चौक, गढ़ी ब्राह्मणान, न्यू जीवन नगर, ककरोई रोड, एल्डिको, ओमैक्स हाइट, अग्रसेन भवन, कोट मोहल्ला, आठ मरला आदि जगहों पर सभाओं को संबोधित किया। लोगों ने पूरे गर्मजोशी के साथ मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# पीएम मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 19वीं किस्त की जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** आत्मनिर्भर भारत की पहचान सशक्त और समृद्ध किसान की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देशभर के किसानों के खातों में 19वीं किस्त जारी की। इसमें हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई। इस उपलक्ष्य में जिला झज्जर में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,

**सम्मान राशि**

**हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई**

जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अलावा, सभी जिलों में भी किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां कैबिनेट व राज्य मंत्रियों ने शिरकत की। कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को दिए गए संबोधन को लाइव सुना गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों का आह्वान किया कि खेती को व्यावसायिक रूप देने के लिए किसान खेती में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाएं।
अपने उत्पादों की मार्केटिंग स्वयं करें, तभी कृषि को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर भी कदम बढ़ाएं।

### बजट चर्चा के आखिरी दौर में मंत्रियों और विधायकों की राय लेंगे सीएम

**चंडीगढ़:** हरियाणा का वर्ष 2025-26 का बजट तैयार करने के लिए पिछले करीब एक माह से विभिन्न हितधारकों से चर्चा कर रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस चर्चा के आखिरी दौर में मंत्रियों और विधायकों से चर्चा करेंगे।यह चर्चा तीन और चार मार्च को पंचकूला में आयोजित की जाएगी।
मुख्यमंत्री ने बजट तैयार करने के लिए प्रदेश भर का दौरा कर अलग-अलग हितधारकों की राय ली है।
अब मुख्यमंत्री ने विधायकों तथा मंत्रियों से भी राय लेने के लिए बैठक बुलाई है।

# हमारी बेटियां अपार प्रतिभा की धनी: डॉ अरविंद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**खानपुर:** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज महिला विश्वविद्यालय के संस्थापक भगत फूल सिंह जी का 140 वां जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। आज महिला विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा भारत सरकार के पार्लियामेंट्री अफेयर्स के तत्वाधान में 17 वीं नेशनल यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के सहकारिता , कारागार एवं विरासत व पर्यटन मामलों के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा में शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। युवा संसद में निर्णायक की भूमिका संसदीय कार्य प्रणाली की प्रतिनिधि डॉ शालिनी शर्मा व शिक्षाविद प्रो मंजू परुथी ने निभाई। डॉ अरविन्द शर्मा ने महिला परिसर में पहुंचने पर भगत फूल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि

**युवा संसद**

**भारत सरकार के पार्लियामेंट्री अफेयर्स के तत्वाधान में 17 वीं नेशनल यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया**

आज एक ऐसे महापुरुष का जन्मदिन है जिन्होंने न केवल शिक्षा बल्कि समाज के हित में भी अनेक कार्य किए। उनका नाम इतिहास के पन्नों में अमर है। उन्होंने युवा संसद के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ये हमारी बेटियां आने वाले समय में देश चलाएंगी। ऐसे आयोजन करने से छात्राओं में नेतृत्व के भाव आते है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां अपार प्रतिभा की धनी है। खुद को एक नेता के रूप में प्रस्तुत करना ये इनकी कौशलता को दशार्ता है। डॉ शर्मा ने कहा कि बेटियों जीवन में कितनी भी ऊंचाई पर पहुंचना पर अपनी जड़ों को मत छोड़ना। अपने संस्कार मत भूलना।

# महर्षि दयानंद ने समरसता का दिया संदेश : बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्व की सबसे बड़ी धरोहर है। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने सती प्रथा, आडंबरों, छुआछूत और समाज में फैली कुरीतियों का पुरजोर विरोध किया और इनको समाप्त करने के लिए समाज में जागरूकता का संदेश दिया। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं



अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव एवं बोध उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर

**समानता**

**महर्षि दयानंद सरस्वती ने महिला शिक्षा का जीवन पर्यन्त किया प्रचार-प्रसार: कैबिनेट मंत्री कृष्ण**

आम जन में सामाजिक समानता एवं समरसता का संदेश दिया। अनाथालय एवं विधवा आश्रम स्थापित कर नई सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया साथ ही शिक्षा विशेषकर कन्या या महिला शिक्षा का प्रचार-प्रसार जीवन पर्यन्त किया।

# महाद्वीपीय संस्कृति से जुड़ने और हरियाणवीं संस्कृति को वैश्विक मंच देने में सफल रहा सूरजकुण्ड मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** महाद्वीपीय कलाकारों की सांस्कृतिक, कलात्मक भागीदारी से लेकर हरियाणवीं संस्कृति को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने में 38वां सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला कामयाब रहा। देश, विदेशों से उमड़े लाखों पर्यटकों की हाजिरी से जहां पर्यटकों का पिछला रिकार्ड टूटा, वहीं बेहतर प्रबंधन और हस्तशिल्प, हथकरघा व सांस्कृतिक कलाकारों को भरपूर कारोबारी व मान-सम्मान मिला। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय एकता, कला व संस्कृति की विविधता के भरपूर प्रचार-प्रसार के संकल्प को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में 38वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के माध्यम से पूरा किया गया। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि थीम स्टेट ओडिशा, मध्य प्रदेश व बिम्सटेक भागीदार देश नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड समेत 44 देशों के 644 प्रतिभागियों ने भागीदारी की। अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का 38वां संस्करण कई मायनों में खास रहा। सूरजकुण्ड मेला में पहली बार स्टॉल देने के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि कारोबारियों की जगह अलग-अलग राज्यों व देशों के शिल्पियों, बुनकरों को भरपूर



मौका दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गति देते हुए डिजिटल पेमेंट प्रणाली को बढ़ावा दिया गया। 44 देशों से आए अंतरराष्ट्रीय कारीगरों व बुनकरो को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। सूरजकुण्ड मेला में इस बार महाद्वीपीय सांस्कृतिक समृद्धता से भरपूर अफ्रीका, एशिया व यूरोप के नृत्य, गायन कलाओं का मंचन



हुआ। पहली बार सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्टेज की संख्या 2 से बढ़ाकर 4 की गई। इसमें चौपाल पर वैश्विक संस्कृति को मजबूत करने के मकसद से प्रतिदिन 10 देशों के कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई। मिनी चौपाल पर हरियाणा व अन्य राज्यो के पारम्परिक कलाकारों की प्रस्तुति, नाट्यशाला मंच पर स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों को अवसर देते हुए प्रतिदिन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, वहीं महा स्टेज पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि 15 राज्यों की विविधता से भरपूर व्यंजनों का इस बार फूड कोर्ट में लुत्फ उठाया गया। इसके साथ-साथ दर्जन भर वैश्विक ब्रांड्स को भी मेले में स्थान दिया गया था। प्रादेशिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए थीम स्टेट ओडिशा, मध्य-प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान, तमिलनाडु व गोवा के पैवेलियन भी स्थापित किए गए, ताकि अलग-अलग राज्यों के साथ पर्यटन भागीदारी को नई दिशा दी जा सके। गत वर्ष सूरजकुण्ड मेले में 13 लाख 10 हजार पर्यटक पहुंचे थे, जबकि इस बार रिकार्ड तोड़ 18 लाख पर्यटकों ने मेले में भागीदारी की। मेला, पार्किंग क्षेत्र व यातायात के बेहतर प्रबन्धन के लिए 2000 से अधिक पुलिस जवानों ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी दी और 600 सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेला मैदान की निगरानी की गई। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इस बार सूरजकुण्ड मेले में हरियाणवीं सांस्कृतिक समृद्धता को वैश्विक मंच दिया गया। पारम्परिक नगाड़ा, बीन, कच्ची घोड़ी, लोक गीत, सारंगी, ईकतारा, डेरु आदि लुप्त हो रही संस्कृतियों का पर्यटकों ने भरपूर आनंद लिया।

# पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी: माता सुदीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। परम वंदनीय** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी की स्वर्णिम प्रभात एक नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश लेकर आई, जिसके अंतर्गत अमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल-स्वच्छ मन के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और उसी के साथ दिल्ली के ग्राउंड नं 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में आयोजित हुई अमृत प्रोजेक्ट परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने यह भी सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्त्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि करनाल में पश्चमी यमुना नहर के छठ घाटों की सफाई मिशन के हजारों सेवादल के बहन-भाइयों ने मिलकर की। इस मुहिम में स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद व उनके साथी संजय बठला, रेणुबाला गुप्ता भी शामिल रहे। विधायक जगमोहन आनंद ने निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

महात्मा सतीश हंस जी ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में, पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी की अनंत शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस पवित्र अभियान का आयोजन किया गया।

इस वर्ष भी पूर्व की भांति ही आओ सवारें, यमुना किनारे का उद्घोष करते हुए इस प्रयास को और व्यापक स्वरूप दिया गया। बाबा हरदेव सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित इस पुनीत सेवा अभियान में हर संत को जल संरक्षण की दिशा में योगदान देने का अवसर मिला। यह पहल न केवल घाटों और जलस्त्रोतों की स्वच्छता पर केंद्रित थी, बल्कि घरों में छोटी.-छोटी आदतों के माध्यम से जल बचत को भी प्रोत्साहित करती है, जिससे जल का सम्मान हो और यह अमूल्य संसाधन आने वाली पीढि ?ों के लिए संरक्षित रह सके।

पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण में अपनी सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन ने संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को प्रतिष्ठित वाटर कंजर्वेशन इनिशिएटिव एनजीओ ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया। यह गौरवपूर्ण सम्मान एसएनसीएफ के प्रोजेक्ट अमृत-स्वच्छ जल, स्वच्छ मन और इसकी विविध जल संरक्षण एवं स्वच्छता पहलों के प्रति अथक समर्पण का प्रतीक है। निसंदेह जल संसाधनों की शुद्धता और सतत संरक्षण में एसएनसीएफ द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयास समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# राई तहसील कार्यालय में प्राईवेट व्यक्ति रखने के आरोप में मुख्यमंत्री को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राई तहसील में** प्राईवेट व्यक्तियों द्वारा काम करवाने व उनके द्वारा रिकार्ड में छेड़खानी करने के आरोप में मुख्यमंत्री को शिकायत देकर नायब तहसीलदार पर उक्त कर्मचारियों को रखने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की।



मुख्यमंत्री को सीएम वींडों के माध्यम से भेजी शिकायत में खेवड़ा गांव के राजपाल ने बताया कि सरकारी कार्यालय में गैर कानूनी तरीके से प्राईवेट व्यक्ति रखकर सरकारी रिकार्ड से छेडछाड़ करने व पैसे प्राईवेट लेते है। आफिस मे चार प्राईवेट व्यक्ति रख रखे है जो सरकारी रिकार्ड से छेड़खानी करते है और पैसे भी लेते है। उनके सरकारी सीट पर बैठकर काम करते हुए वीडियों भी बना रखी है। इसके अलावा दूसरा व्यक्ति सरकारी दस्तावेजो को पलटकर उन पर नायब तहसीलदार से बातचीत कर हस्ताक्षर करता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने शिकायत में कहा कि नायब तहसीलदार कभी कभी आता है। उसकी भी जांच हो। बडे पैमाने पर नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्र मे आने वाले वाली बहुत सारी रजिस्ट्रीयों की भी जांच करवाई जाए। मेरी दादा लाई जमीन का केस नायब तहसीलदार की अदालत में चला हुआ था। उसमें भी प्राईवेट कर्मियों ने अपने घर पर फाईल मंगवाकर नक्शा मंजूर कर दिया। जो कि गलत है।

**केस का निर्णय दूसरी पार्टी के फेवर में होने पर शिकायत की : नायब तहसीलदार**

मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत को लेकर नायब तहसीलदार अभिनव ने बताया कि जिस व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायत की है। उसका केस उनकी अदालत में चला हुआ था। क्लेक्टर ने फैसला सुनाया है। अब वह गलत आरोप लगा रहा है। तहसील में कोई भी प्राईवेट कर्मचारी कार्यरत नही है। पैसे लेने व अन्य सभी आरोप झूठे व निराधार है। शिकायकर्ता ने अपने केस के दूसरे व्यक्ति के खिलाफ भी जान से मारने की धमकी दी है। दूसरी पार्टी ने भी पुलिस व अन्य जगहों पर उनके खिलाफ शिकायत दी है।

**दो दिन पहल बार प्रधान ने भी की थी वीडियों वायरल**

दो दिन पहले भी बार प्रधान संजय खरेटा ने अपने सोशल अकाऊंट पर राई तहसील में कार्य करते हुए कर्मचारियों की अपनी फेसबुक पर वीडियों वायरल की थी।

# विधायक ने सुनी हलके के लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। विधायक देवेंद्र** कादियान ने सोमवार को गन्नौर शहर स्थित अपने निजी कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर कर लोगों की समस्याओं को सुना। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए लोगों ने विधायक के सामने निजी व सार्वजनिक समस्याओं को रख कर उसके निस्तारण की मांग की। विधायक ने जनहित से जुड़ी कई समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि जनता दरबार में लोगों ने बिजली, पानी, सीवर सहित कई अन्य समस्याओं को लेकर अवगत करवाया है। लोगों के सामने ही संबंधित अधिकारियों को तय समय में समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि जनसमस्याओं से रूबरू होने एवं उसे दूर करने के लिए प्रत्येक सोमवार को कार्यालय पर जनता दरबार लगाते है। इस दौरान क्षेत्र के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचते है। उनका प्रयास होता है कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर सकें। कादियान का कहना है कि यही जनता तो हमारी पूंजी है। इनकी बदौलत ही तो हम चुनाव जीते है। अगर हम इनकी नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे। इसीलिए में उनको समय देता हूं। इस अवसर पर नपा पूर्व वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, नपा पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, पार्षद अजय सरोहा, टिंकू प्रधान, सुभाष रोहिल्ला, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, वाइस चेयरमैन अरुण शर्मा, जगबीर कबाड़ी, हैप्पी त्यागी, सुखबीर प्रजापति आदि मौजूद रहे।



# नरेन्द्र सांगवान सीएम की मौजूदगी में भाजपा में होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा सरकार** की जनकल्याणकारी नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए घरोंडा के पूर्व विधायक नरेन्द्र सांगवान भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। करनाल भाजपा विधायक जगमोहन आनंद ने भाजपा चुनावी कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी नगर निगम चुनाव प्रवास हेतु कल करनाल पहुंच रहे हैं। उनके आगमन पर घरौंडा के पूर्व विधायक नरेन्द्र सांगवान अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि कल दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री कश्यप समाज द्वारा होटल डिवैंचर में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात दोपहर 3 बजे मेरठ रोड के डिवाइन बैंकट हाल, 5 बजे पंजाबी भवन, 6 बजे राजीवपुरम, 7 बजे इब्राहिम मंडी एवं 8 बजे रामनगर के चार खंबा चौक पर एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# यूनिक क्रिकेट क्लब टीम ने हंड्रेड न्यूट्रिशन को मुकाबले में हराया




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। यूनिक क्रिकेट** स्टेडियम शेखपुरा में खेले गए यूनिक चैलेंजर कप प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मैच में यूनिक क्रिकेट क्लब टीम ने हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम को रोमांचक मुकाबले में 32 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए यूनिक क्रिकेट स्टेडियम टीम ने नवीन पंघाल 39 रन व विजय राणा के 48 रन की महत्वपूर्ण पारियों की मदद से 178 रन का लक्ष्य दिया। मैच के दौरान रणदीप ने 3 विकेट लिए। इसी लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूट्रीशन की टीम निर्धारित ओवर मे 145 रन ही बना सकी, संदीप ग्रोवर ने अपनी टीम की तरफ़ से 39 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, साहिल धनखड़ ने 3 विकेट लिए, सतपाल सैनी 311 रन बना कर बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज रहे, मैन ऑफ द सीरीज अमनदीप पवार और युवराज त्यागी बेस्ट बॉलर रहे, गनौर लायंस क्लब के पूर्व प्रधान विजय कुमार ने विजेता टीम के कैप्टन दीपक गोयल व टीम को विनर ट्रॉफी प्रदान की।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यू टैगोर विद्यालय में जूनियर ने सीनियर छात्रों को दी विदाई

**राई। न्यू टैगोर** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में 11वीं कक्षा के छात्र- छात्राओं ने अपने सीनिया बाहरवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी। विद्यालय के प्रबंधक सुरेश शर्मा ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे जहां भी जाए, मेहनत से शिक्षा ग्रहण करे और दिखाए कि जहां से वे आए है उन्हें संस्कार की शिक्षा भी दी गई है। अपने बड़ों का आदर व सम्मान करे। 12वीं की छात्राओं ने नृत्य, कविता ,भाषण, आदि के द्वारा अपने साथियों तथा शिक्षकों का मनोरंजन किया, वहीं 11वीं की छात्राओं ने भी अपने वरिष्ठ साथियों की विदाई के उपलक्ष्य में कई कई रंगरग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को उपहार देते हुए विद्यालय के प्रबंधक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामना दी।



### रामनगर-पिपलीखेड़ा रोड पर फैक्ट्री में लगी आग, फैक्ट्री की दोनों युनिट पूरी तरह से जली

गन्नौर। रामनगर-पिपलीखेड़ा रोड पर स्थित स्थित एसआर प्लास्ट्रोड्रम फैक्टरी में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। फैक्टरी में दो यूनिट लगी हैं, जिसमें से एक यूनिट में प्लास्टिक के ड्रम और बाल्टी बनाए जाते हैं, जबकि दूसरी यूनिट में उन पर प्रिंटिंग का कार्य होता है। कुछ ही देर में आग ने फैक्ट्री के दोनों युनिटों को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच थाना बड़ी प्रभारी युद्धवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बड़ी व गन्नौर दमकल केंद्र की गाड़िया मौके पर बुलाया, लेकिन आग पर काबू न पाता देख सोनीपत, कुंडली, गोहाना व अन्य दमकल केंदों से करीब 7 और दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। आग पर काबू पाने के लिए फैक्ट्री की दीवारों व टीन शैड को तोड़ना पड़ा, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि प्लास्टिक व केमिकल के कारण देर शाम तक आग धधकती रही, जिस वजह से दो दमकल गाड़िया आग पर पूरी तरह से काबू पाने में जुटी रही।



### मारपीट कर छीने रुपये, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। कलेक्शन के** रुपये लेने जा रहे एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर बैग से 43 हजार निकाले लिए। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गांव सिसोठ निवासी दीपक ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करता है। 21 फरवरी को वह दिन का कलेक्शन करके 3 बजे के आसपास गांव पाली में किसी कस्टमर की किस्त लेने जा रहा था। बीच रास्ते में एकदम सोनू ने उसकी तरफ दौड़कर बाइक की चाबी निकाली और बैग को उससे लेकर अपने प्लाट की तरफ चला गया। बैग लेते समय उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की और उसके बैग से रुपये निकाल लिए। जब उसने 112 नंबर डायल पुलिस को फोन करने की कोशिश की तो उसका फोन छीनकर तोड़ दिया। उसकी पत्नी ने आकर उसका बैग सोनू से छीनकर उसे दिया।

# वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित बजट-विकसित भारत: एक परिचर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एस.डी कॉलेज, पानीपत** के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित बजट,2025- विकसित भारतः एक परिचर्चा में बी.कॉम, बीबीए और एम.कॉम के छात्रों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श किया। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बजट की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराना, सरकार की वित्तीय नीतियों का विश्लेषण करना और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनके प्रभावों का मूल्यांकन करना था। दिनांक 24 फरवरी को आयोजित इस सत्र में छात्रों ने न केवल बजट की घोषणाओं को समझा, बल्कि इसके विभिन्न प्रावधानों के सामाजिक और आर्थिक दायरे पर भी विचार किया। प्राचार्य, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बजट की व्यापक महत्ता, वर्तमान आर्थिक परिप्रेक्ष्य और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्रर, स्टार्टअप्स, कृषि और टरटए क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं, जो देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। प्रो. दीपिका अरोड़ा ने कराधान संरचना और नई व्यवस्था में इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और इसके लाभों और नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर नीतियाँ, जीडीपी वृद्धि दर, राजकोषीय घाटा और वित्तीय स्थिरता के मुद्दों का गहन विश्लेषण शामिल था।चर्चा के दौरान छात्रों ने बजट के संभावित प्रभावों पर भी विचार विमर्श किया, जैसे मध्यम वर्ग पर टैक्स स्लैब में बदलाव, व्यापारिक समुदाय पर नीतिगत दबाव और उद्योगों में निवेश की संभावनाएँ। विशेष रूप से यह चर्चा महत्वपूर्ण थी।

# हमें नही चाहिए बजट, बैठक का पार्षदों ने किया बहिष्कार, पिछले कामों की भी विजिलेंस जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। नगरपालिका का** बजट पास करने को लेकर बुलाई गई बैठक का 11 पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया। पार्षद विकास कार्य न होने के विरोध में बैठक को बीच भी छोड़ कर चले गए। पार्षदों ने मांग करी कि जब तक उनके वार्ड में 50-50 लाख रुपये की विकास कार्यों का एस्टिमेट तैयार नहीं किया जाता तब तक वे बैठक में नहीं आएंगे। सोमवार को नगरपालिका में एक विशेष बैठक बुलाई गई जिसका एजेंडा केवल बजट पास करना ही तय किया गया। बैठक में 17 में से 4 पार्षद मौजूद नहीं थे। जबकि 11 पार्षदों ने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों से उनके वार्डों में जिन विकास कार्यों का प्रस्ताव किया जाता है उन्हें छोड़ कर बाकी कार्य कर दिए जाते हैं। वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं उन्हें पूरी स्ट्रीट लाइटें भी नहीं मिलती, जबकि बाहरी लोगों को बिना उनकी जानकारी के स्ट्रीट लाइटें दे जाती हैं। वार्ड 7 के पार्षद के पार्षद अंकित त्यागी ने बताया कि पिछली बैठक में सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर लगाने की बात कही गई थी, लेकिन वह कहा हुए है उनका आज तक उन्हें भी पता नही। उन्होंने कहा कि जब तक नपा अधिकारी 50-50 लाख रुपये के कार्यों का एस्टिमेट तैयार नहीं करेंगे तब तक वह बैठक में नहीं आएंगे। जिसके बाद दो पार्षदों को छोड़ कर सभी पार्षद बैठक का बहिष्कार कर वहां से चले गए। जबकि बैठक में नपा अध्यक्ष अरूण त्यागी, वार्ड 14 के पार्षद दिनेश अदलखा व वार्ड 4 के पार्षद वरुण जैन मौजूद रहे, लेकिन कोरम पूरा न हो पाने की वजह बैठक सफल नहीं हो पाई।



**इन पार्षदों ने किया बहिष्कार**

नगरपालिका के पार्षद 1 के पार्षद सचिन कोच, वार्ड 2 के पार्षद नरेश टांक, वार्ड 5 की पार्षद ममता पांचाल, वार्ड 6 के पार्षद अजय कुमार, वार्ड 7 के पार्षद अंकित त्यागी, वार्ड 8 के पार्षद विकास शर्मा, वार्ड 9 की पार्षद संगीता त्यागी, वार्ड 12 की पार्षद सोनिया शर्मा, वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन, वार्ड 16 के पार्षद नरेश वर्मा व वार्ड 17 के पार्षद शमशेर सैनी बैठक का बहिष्कार किया।

**अधिकारियों को दिए निर्देश**

नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि उन्होंने पार्षदों की मांग को देखते हुए नपा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी 17 वार्डों में होने वाले कार्यों का एस्टिमेट जल्द से जल्द बनाया जाए। एस्टिमेट बनने के बाद अगली बजट बैठक की तारीख निर्धारित कर दी जाएगी। वहीं स्ट्रीट लाइटों का टेंडर लगाया गया है। एजेंसी को टेंडर अलाट होने के बाद सभी वार्डों में नई स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएंगी।

# दयानंद सरस्वती की जयंती पर शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के समीप स्थित स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूर्ण उत्साह एवं सेवा भाव से भाग लिया।



शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनहद शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में सनातन वैदिक संस्कृति के सजग प्रहरियों द्वारा आयोजित पावन श्रीमद् भागवत गीता महायज्ञ में भाग लेते हुए विभिन्न सेवा कार्यों में योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोमवीर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने हवन सामग्री एवं यज्ञ सामग्री के सुचारू प्रबंधन में सहायता की। स्वयंसेवकों ने संविदा की छोटी-छोटी गठरियां बनाकर यज्ञ कुंड तक पहुंचाने एवं यजमानों तक हवन सामग्री पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। एनएसएस संयोजक प्रोफेसर सोमवीर सिवाच के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने समाज के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हुए इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। महायज्ञ के उपरांत स्वयंसेवकों ने प्रसाद वितरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे आयोजन का स्वरूप और भी भव्य एवं अनुकरणीय बन गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोमवीर, डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. पविता यादव ने भी स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयंसेवकों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन एवं उनके समाज सुधारक कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बलजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज में कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने एवं वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर समाज सुधार के कार्यों में आगे आना चाहिए। इस एक दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन स्वयंसेवकों की मेहनत, समर्पण एवं समाज सेवा के प्रति उनके उत्साह का परिचायक रहा। महाविद्यालय ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को उनकी निष्ठा और सेवा भाव के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**सेवाभाव**

▶▶ शिविर के स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूर्ण उत्साह एवं सेवा भाव से भाग लिया

# टेहा व माता मंदिर के पीछे पनप रही अवैध कालोनी पर टीम ने चलाया पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जिला नगर** योजनाकार की टीम ने सोमवार को जीटी रोड स्थित अर्न्तराष्ट्रीय फल, फ्रूट मंडी के सामने टेहा गांव के पास व काली माता मंदिर के पास पनप रही अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और भरी प्लाटों की नींव को तोड़ दिया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर के आदेश पर एटीपी व जेई सुमित अपनी टीम के साथ अंतराष्ट्रीय मंडी के सामने व काली माता मंदिर के पास पहुंचे और 10 व 5 एकड़ में अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान थाना बड़ी से पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। बेगा रोड पर कुछ लोग बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। जिस पर जिला नगर योजनाकार की टीम ने पहले अवैध रुप से कट रही कालोनी पर पहले भी करवाई करते हुए कालोनाइजरों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था। सोमवारको टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से प्लाटों की नींव को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर ने बताया कि कालोनी काटने वाले से रिकवरी की जायगी।



## संपादकीय

# उन्नत तकनीक और भविष्य की खेती

**कृत्रिम मे**धा यानी एआइ का बढ़ता उपयोग और इसका प्रभाव आज चर्चित मुद्दा है प्रधानमंत्री ने भी कुछ दिनों पहले पेरिस में आयोजित 'एआइ सिक्योरिटी समिट' के दौरान सार्वजनिक, निजी और शैक्षणिक हितधारकों से एक विश्वसनीय एआइ पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए मिल कर काम करने का आह्वान किया था। इसमें कोई दो राय नहीं कि एआइ हमारे काम करने के तरीके को बदल देगा। विश्व आर्थिक मंच का अनुमान अनुमान कि एआइ 2027 तक विश्व स्तर पर आठ करोड़ तीस लाख नौकरियों को खत्म कर देगा। एआइएमफ की रपट की मानें तो एआइ के कारण दुनियाभर में लगभग 40 फीसद नौकरियां प्रभावित होंगी। अगर हम भारत के संदर्भ में बात करें, तो हमारा देश, जो कृषि परंपराओं से जुड़ा हुआ है, आज एक तकनीकी क्रांति के कगार पर खड़ा है भारत अपनी विशाल आबादी और विविध अर्थव्यवस्था के कारण अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। अगर ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो एआइ में उत्पादकता, दक्षता और रोजगार बढ़ाते हुए इन चुनौतियों से लड़ने की अपार क्षमता है। ऐसे समय में जब सबसे ज्यादा चर्चा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों पर स्वचालन (आटोमेशन) और एआइ के प्रभाव पर केंद्रित है, तब कृषि क्षेत्र रहा तकनीकी परिवर्तन न केवल उत्पादकता, बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने की अपार क्षमता रखता है। भारत एकमात्र ऐसा देश है जो प्रति हेक्टेयर उत्पादन अन्य देशों की तुलना में कम होने के बावजूद, पूरी दुनिया को खाद्यान्न संकट से बाहर निकालने की क्षमता रखता है। नीति निर्धारकों को यहां यह ध्यान रखना आवश्यक है भारत में रोजगार का भविष्य केवल प्रौद्योगिकी के विघटनकारी प्रभावों को कम करने पर निर्भर नहीं है, बल्कि रणनीतिक से विकास रास्ते बनाने के लिए कृषि जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में इसकी शक्ति का उपयोग करने पर निर्भर करने पर निर्भर है। पीढ़ियों से, भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है, जो आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है। हालांकि, यह एक ऐसा क्षेत्र है जो कई चुनौतियों से ग्रस्त है। जैसे, अप्रत्याशित मानसून खंडित जीत और कीमतों में उतार-चढ़ाव इन मुद्दों ने कृषि संकट और बेहतर अवसरों की तलाश में शहरी क्षेत्रों 1 में पलायन में योगदान दिया है। इस परिदृश्य में एआइ की शुरूआत इन चुनौतियों समाधान करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस प्रक्रिया में कृषि कार्य के लिए एक नई पीढ़ी बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती है। यह स्वाभाविक है कि स्वचालन से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म हो ठ जाएंगी, लेकिन, भारतीय कृषि के संदर्भ में, एआइ से मानव क्षमता बढ़ने की अधिक संभावना है, न कि उन्हें पूरी तरह से बदलने की संभावनाओं पर अगर विचार करें, तो एआइ- संचालित सेंसर मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम की अधिक सटीकता से भविष्यवाणी और सिंचाई के समय को अनुकूलित कर सकते हैं, जिससे बढ़ी हुई पैदावार और संसाधनों की बबार्दी में कमी हो सकती है एआइ से लैस ड्रोन विशाल खेतों का सर्वेक्षण कर सकते हैं और कीटों या बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं। यहां तक कि लक्षित उपचार भी दे सकते हैं, जिससे व्यापक कीटनाशक अनुप्रयोग की आवश्यकता कम हो जाती है।

# मनुष्य के सारे पापों का हरण करते हैं गोपेश्वर महादेव

रमाकान्त पन्त

"गोपेश्वर की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इस स्थान पर भगवान शंकर की पूजा करने से पितामह, मातामह आदि पूर्वजों द्वारा किये गये पाप भी प्रभावहीन होकर समाप्त हो जाते है। शिवजी की आराधना के लिए भूमण्डल में यह भूभाग सर्वोत्तम तथा शिवलोक की प्राप्ति कराने वाला कहा गया है। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखण्ड़ के पवित्र आंचल जनपद बागेश्वर की भूमि में स्थित गोपेश्वर कभी गोपीवन के नाम से प्रसिद्व रहा हैं। सौंदर्य से परिपूर्ण घाटी नागगिरी पर्वत के समीप गोपेश्वर महादेव में शिव जागृत रुप में विराजमान बताये जाते है,कहा जाता है,कि जो प्राणी भगवान गोपेश्वर के इस दरबार में अपनी भावनाओं के श्रद्धापुष्प भक्ति के साथ भोलेनाथ जी के चरणों में अर्पित करता है,वह समस्त भयों से रहित होकर जीवन का आनन्द व मोक्ष प्राप्त करता है। इस दुर्लभ स्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह है,कि वर्णसंकर दोष का यहीं निवारण होता है"

देवभूमि उत्तराखण्ड़ प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भारत का ही नही अपितु विश्व का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां के पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए जो आध्यात्मिक अनुभूति होती है वह अपने आप में अद्भुत है।पर्यटन की दृष्टि से ही नहीं बल्कि तीर्थाटन की दृष्टि से भी यह पावन भूमि महत्वपूर्ण है। इसी कारण यहां का भ्रमण अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा श्रेष्ठ एंव संतोष प्रदान करने वाला है। पर्यटन एवं तीर्थाटन के विकास के लिए सरकार समुचित सहायता व प्रोत्साहन कब देगी यह तो समय ही बताएगा, किन्तु इतना जरूर है कि गुमनामी के साये में बदहाल तीर्थ स्थल यदि प्रकाश में लाएं जाएं तो ये तमाम तीर्थ विराट महत्व को प्रकट कर आस्था व भक्ति का अलौकिक संगम बनकर उभर सकते है। ऐसे ही पावन तीर्थों में अद्भुत महिमा वाला क्षेत्र है,गोपेश्वर महादेव मंदिर।

जनपद बागेश्वर के काड़ां क्षेत्रान्तर्गत गोपेश्वर महादेव का मंदिर पौराणिक काल से परम पूज्यनीय रहा है। स्थानीय जनमानस में इस मंदिर के प्रति अगाध श्रद्वा है। स्कंदपुराण में गोपेश्वर महादेव की महिमा का अद्भुत वर्णन करते हुए कहा गया है कि गोपेश्वर के स्मरण व दर्शन से समस्त पापों का हरण हो जाता है।

**पातका विप्रलीयन्ते गोपीश। दर्शनात किमु भो विप्रा : पूजनात कथयाम्यहम(59)(केदारखण्ड़ अध्याय80)**

पुराणों के अनुसार गोपेश्वर नामक इस स्थान पर गोपियों ने भगवान शंकर की आराधना करके उत्तम गति प्राप्त की। गोपियों द्वारा इस स्थान पर शिवजी की तपस्या किये जाने से ही इस स्थान का नाम गोपेश्वर पड़ा।इस स्थल की महिमा इतनी विराट है,कि उसे शब्दों में नहीं समेटा जा सकता है। इस क्षेत्र से होकर बहने वाली पवित्र नदी भद्रा की महिमा गोपेश्वर की गरिमा को दर्शाती है। पुराणों में कहा गया है कि भद्रा में स्नानकर उसके बायीं ओर गोपेश्वर का पूजन करने से मोक्ष प्राप्त होता है। इसके पादतल से होकर बहने वाली सरस्वती नदी भद्रा में मिलती है।

यस्य वामे महादेवो गोपीशःपूज्यते द्विजाः।
निमज्य मुनिशादूर्ला भद्रातोये
प्रयन्नतः।।.....पूज्य गोपेश्वरं देवं प्रयाति
परमं पदम्।

महर्षि भगवान वेद व्यास जी ने गोपेश्वर की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इस स्थान पर भगवान शंकर की पूजा करने से पितामह, मातामह आदि पूर्वजों द्वारा किये गये पाप भी प्रभावहीन होकर समाप्त हो जाते है। शिवजी की आराधना के लिए भूमण्डल में यह भूभाग सर्वोत्तम तथा शिवलोक की प्राप्ति कराने वाला कहा गया है। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखण्ड़ के पवित्र आंचल जनपद बागेश्वर की भूमि में स्थित गोपेश्वर कभी गोपीवन के नाम से प्रसिद्व रहा हैं। सौंदर्य से परिपूर्ण घाटी नागगिरी पर्वत के समीप गोपेश्वर महादेव में शिव जागृत रुप में विराजमान बताये जाते है,कहा जाता है,कि जो प्राणी भगवान गोपेश्वर के इस दरबार में अपनी भावनाओं के श्रद्धापुष्प भक्ति के साथ भोलेनाथ जी के चरणों में अर्पित करता है,वह समस्त भयों से रहित होकर जीवन का आनन्द व मोक्ष प्राप्त करता है। इस दुर्लभ स्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह है,कि वर्णसंकर दोष का यहीं निवारण होता है। कहा तो यहां तक गया है कि दुरात्मा मानवों के पाप गोपेश्वर मण्डल में पहुंचने के पूर्व तक ही विद्यमान रहते है। यहां पहुचने पर पूर्वजों के पाप भी क्षय हो जाते है। गोपेश्वर का पूजन करने पर इक्कीस बार सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल मिलता है।



गोपेश्वर नाथ की अपरम्पार महिमा के बारे में ऋषियों की जिज्ञासा को शान्त करते हुए स्कंद पुराण में व्यास भगवान ने इस पावन स्थल के बारे में बताया है,कि कभी यहां के पावन पर्वतों पर नाग समुदाय ने माता कामधेनु की सेवा की थी। पुराणों में इस भूभाग को नागपुर क्षेत्र कहा गया है। ऊँचे पर्वतों पर विराजमान नाग देवताओं के मंदिर गोपेश्वर की अद्भुत महिमा को उजागर करते है। गोपेश्वर व उसके आसपास के तमाम पर्वत नाग पर्वतों के नाम से प्रसिद्ध है। इन तमाम मंदिरो में आज भी विधिवत नागों का पूजन होता है। पुराणों ने भी इस विषय की प्रामाणिकता को प्रकट करते हुए कहा है कि सतयुग के आरम्भ में ब्रह्मा जी ने सारी पृथ्वी को अनेक खण्ड़ों में विभक्त कर दिया था। विभक्त भूभागों में देवता,दानव,गन्धर्व,अप्सरायें,विद्याधर तथा भांति भांति के पशु,पक्षियों के रहने के लिए अनेक स्थान निश्चित किये गए।इसी क्रम में ब्रह्मा जी ने नागों के लिए हिमालय के आंचल में नागपुर नामक स्थान नियत किया। ब्रह्मा के बनाये गये नियमों को शिरोधार्य मानकर नागों ने यह भूखण्ड़ प्राप्त किया। जो नागपुर के नाम से जाना जाता है।

इसी नागपुर में कामधेनु ने नागों की सेवा से संतुष्ट होकर उनसे वरदान मांगने को कहा इस पर नाग देवता बोले हमें अपने समान ही गोकुल प्रदान करके कृतार्थ कीजिए। कामधेनु से वर पाकर असंख्य गायों को प्राप्त करके उनके चरने के लिए नागों ने गोपीवन की रचना की और उस गोचर भूमि में गायों को चराने एवं उनकी रक्षा करने के लिए नागकन्याओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। गोपीवन गोपेश्वर में गायों को चराने के साथ साथ नागकन्यायें गोपेश्वर की आराधना में तत्पर रहती थी। तभी भगवान भोलेनाथ की लीला के प्रभाव से एक बार उन्हें इस पहाड़ के अग्रभाग की तलहटी पर एक अद्भुत गुफा दिखाई दी।नागकन्याओं ने गुफा के समक्ष सरस्वती गंगा के भी दर्शन किए वहां उन्होनें शिवजी की भी पूजा की। यह गुफा वर्तमान में सानिउडियार के नाम से प्रसिद्ध है।मान्यता है,कि इसी गुफा में शांडिल्य ऋषि ने भगवान शंकर की तपस्या करके उन्हें संतुष्ट किया था। इस गुफा को देखकर नागकन्याओं की जिज्ञासा गुफा के रहस्य को लेकर बढ़ गयी। नागराज मूलनारायण की कन्या के साथ नाग कन्याओं ने उसमें प्रवेश की चेष्टा की लेकिन वे असफल हुई। निराश नागकन्याओं ने भगवान शंकर की स्तुति करते हुए कहा कि यदि हमारी शिवभक्ति सच्ची है तो हम गुफा को पार कर जाएं। भगवान शंकर को आगे करके वे गुफा में प्रवेश कर गई। उन्हें आशा थी अवश्य ही इस गुफा में भगवान शंकर उन्हें दर्शन देकर कृतार्थ करेगें लेकिन उनकी यह आस अधूरी रह गई,इतना ही नहीं उनकी गायें भी गुम हो गयी। गायों को ढूंढ़ते ढूंढते,भटकते भटकते नाग कन्यायें दूसरे वन में पहुंच गई। उस वन की गोचर भूमि में हरी भरी घास के बीच उन्होनें अपनी गायों को चरते देखा और सोचा कि ये गाये घास के लोभ में यहां तक पहुंच गयी हैं लेकिन इसी बीच उन्होने गायों के समुदाय के मध्य तेजोमय भगवान शिव के अलौकिक स्वरुप को देखा। उन्होने देखा कि इस स्वरुप से चराचर जगत दीप्तिमान हो रहा है।उन्हीं गायों के मध्य भगवान शिव के अलौकिक स्वरूप वाले ज्योतिर्मय लिंग के तेजो मण्डल से आकाश के मध्यवर्ती सूर्य की ज्योति फीकी पड़ गई है।शिवजी के इस स्वरुप के दर्शन पाकर नागकन्याएं धन्य हो गई ।ये नागकन्यायें ही गोपियों के नाम से भी प्रसिद्ध थी। गोपियों ने शिव को प्रणाम कर भांति भांति प्रकार से उनका पूजन किया। गोपियों की भगवान गोपेश्वर के प्रति की गई यह स्तुति पुराण में काफी प्रसिद्ध है

नमो हरायामितभूषणाय
चितासमिदभस्मविलेपनाय।
बृषध्वजाय सुवृषप्रभाय शिवाय शान्ताय
नमो नमस्ते।।
नमो विरूपाय कलाधराय षडर्धनेत्राय
परावराय। ऋषिस्तुतायापरिसेविताय नमो
नमस्ते बृषवाहनाय।।

अर्थात असंख्य भूषणभूषित,चिताभस्मलिप्तांग,वृषध्वज,मोर की कान्ति स्वरुप शान्त शिव को हम प्रणाम करते हैं।

## कविता

### शिव स्तुति -

सिर पर चन्द्र सुशोभित हो रहे हैं !

सिर पर चन्द्र सुशोभित हो रहे हैं,
शिव की जटा में मां गंगा विराजे,
हो भोला डम-डम-डम डमरु बजे हैं,
डमरु बजे हैं, हो भोला डमरु बजे हैं !

हो पार्वती माता भी सज रही है,
भूतों की टोली भी नाच रही है,
शिव की बारात भी निकल रही हैं
मैना देवी संजा रही आरती थाल,
राजा हिमालय स्वागत को खड़ें हैं,
शिव बिन शक्ति अधूरी हैं, शक्ति
बिन शिव भी अधूरे हैं, बंध रहे
जन्मों के बंधन शिवरात्रि त्योहार !

देव गंधर्व सब पुष्प बरसाये,
पुष्प बरसाये अमृत बरसाये,
खुशियां भई नगरी, घरद्वार
हो भोला डम-डम-डम डमरु बजे हैं,
डमरु बजे हैं, हो भोला डमरु बजे हैं !

- नेहा ठाकुर नेह

## यूपी की विधान सभाओं में हंगामा

**अजय कुमार**

यह अफसोसजनक है कि लोकसभा और राज्यसभा की तरह तमाम राज्यों की विधानसभाएं भी सत्ता और विपक्ष के जोर आजमाइश का अड्डा बनते जा रहे है,जिस कारण से जनहित के कई फैसलों पर निर्णय नहीं हो पाता है। हाल यह है कि राजस्थान में कांग्रेस,बीजेपी सरकार के खिलाफ इस लिये सड़क पर उतरी हुई है क्योंकि बीजेपी के एक मंत्री ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को दादी कह दिया।इसी प्रकार दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता रेखा गुप्ता की चार दिन पुरानी सरकार को इसलिये घेर रहे हैं क्योंकि बीजेपी ने महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने वाले वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है।वही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता इस लिये विधान सभा नहीं चलने दे रहे हैं क्योंकि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधान सभा में चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कह दिया था कि आपकी पार्टी के नेता कहते हैं कि लड़कों से गलती हो जाती है,उन्हें फांसी पर तो नहीं लटका दिया जायेगा। बृजेश पाठक ने किसी नेता का नाम नहीं लिया,लेकिन क्योंकि यह बात कभी सपा के पूर्व प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक जनसभा के महिलाओं के बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर अपने विचार रखने के दौरान कही थी। इसलिये समाजवादी आग बबूला हो गये।विधान सभा में हंगामा खड़ा कर दिया कि नेताजी को अपमान बर्दाशत नहीं करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार समाजवादी नेताओं से पूछ रहे हैं कि बताएं नेताजी का क्या अपमान किया गया है। यदि उनकी बात सही होगी तो वह मंत्री जी से माफी मंगवायेंगे,लेकिन समाजवादियों को हंगामे के अलावा कुछ रास नहीं आ रहा है। बता दें उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 2025 चल रहा है। आज 24 फरवरी को बजट सत्र के दौरान मुलायम सिंह के नाम पर हंगामा हो गया।दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नप्रहर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुलायम सिंह की कही गई बात पर तंज कसते हुए कहा कि लड़के हैं गलती हो जाती है इस बात को कितने सपा सदस्य मानते हैं। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा सदस्यों ने वेल में आकर धरना दिया। सपा सदस्य नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सपा सदस्यों को बार-बार चेतावनी देते रहे पर सपाइयों का हंगामा जारी रहा। दरअसल, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बयान पर सपा सदस्यों से पूछा था कि क्या उनकी बातों पर अमल करेंगे। नारेबाजी कर सपा सदस्यों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सपा सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सपा विधायक सदन वेल में धरने पर बैठ गए हैं।

## विचार

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए विपक्ष का मजबूत होना अनिवार्य

**सक्षम भारतीय**

**लोकतंत्र एक** ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें सत्ता संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की उपस्थिति आवश्यक होती है, ताकि सरकार की नीतियों और कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा हो सके। जब विपक्ष मजबूत होता है, तो सरकार अधिक जवाबदेह बनती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त होती है। लेकिन यदि विपक्ष कमजोर हो जाए या उसकी भूमिका निष्क्रिय हो जाए, तो यह लोकतंत्र के लिए एक गंभीर संकट का संकेत हो सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में विपक्ष की ताकत और उसकी भूमिका विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यहां की विविधता और जटिलताएं सत्ता पक्ष की नीतियों पर सतत निगरानी रखने की मांग करती हैं। एक प्रभावी विपक्ष का कार्य केवल सरकार का विरोध करना नहीं होता, बल्कि नीति-निर्माण में एक सकारात्मक भूमिका निभाना भी होता है। जब कोई सरकार जनादेश प्राप्त कर सत्ता में आती है, तो उसका उत्तरदायित्व होता है कि वह जनता के कल्याण के लिए काम करे। विपक्ष का कार्य सरकार के निर्णयों पर प्रश्न उठाना और उसकी नीतियों की समीक्षा करना होता है।

सत्ता के केंद्रीयकरण को रोकने के लिए विपक्ष का मजबूत होना आवश्यक होता है। यह न केवल जनहित को सुरक्षित रखता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी बचाए रखता है। एक सशक्त विपक्ष जनता की समस्याओं और उनकी चिंताओं को संसद में उठाकर सरकार को उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य कर सकता है। विपक्ष का कार्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि देश के लिए बेहतर नीतियों के निर्माण में सहयोग करना भी होता है। मजबूत विपक्ष वैकल्पिक नीतियाँ और योजनाएँ प्रस्तुत कर सकता है जो सरकार के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती हैं। भारत में विपक्ष की स्थिति बीते कुछ वर्षों में लगातार कमजोर होती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल अपनी प्रभावशीलता खोते जा रहे हैं। कांग्रेस, जो कभी देश की सबसे सशक्त और पुरानी राजनीतिक पार्टी थी, आज नेतृत्व संकट और आंतरिक कलह से ग्रस्त है। परिवारवाद के प्रभाव ने पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है, और चाटुकारिता ने इसकी जड़ों को खोखला कर दिया है। स्वतंत्रता पूर्व काल में, कांग्रेस प्रत्येक वर्ष 28 दिसंबर को अपना वार्षिक अधिवेशन आयोजित करती थी, जिसमें नए अध्यक्ष को पार्टी की कमान सौंपी जाती थी। लेकिन आज कांग्रेस की स्थिति उन पुराने बंगाली जमींदारों जैसी हो गई है, जिनकी जमींदारीनीलाम होने पर बोली लगाने वाले उनके अपने ही लोग होते थे। कांग्रेस का अध्यक्ष चाहे कोई भी बन जाए, लेकिन वास्तविक निर्णय सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बिना संभव नहीं होते। यह सत्य हर कांग्रेसी जानता और महसूस करता है, परंतु इसे स्वीकारने या बोलने का साहस किसी में नहीं है।

राहुल गांधी, जो कांग्रेस के प्रमुख नेता के रूप में उभरने का प्रयास कर रहे हैं, वे अब तक अपनी नेतृत्व क्षमता सिद्ध नहीं कर पाए हैं। उनकी छवि एक परिपक्व राजनेता की नहीं बन पाई है, जिससे विपक्ष की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। राहुल गांधी विपक्ष के सबसे प्रमुख चेहरे के रूप में देखे जाते हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक समझ और रणनीतिक कौशल पर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

उनकी सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि वे सत्ता पक्ष की आलोचना करने में अतिरेक दिखाते हैं, जिससे उनकी गंभीरता कम हो जाती है। कई बार वे ऐसे बयान देते हैं जो राजनीतिक हास्य का विषय बन जाते हैं और उनकी विश्वसनीयता और गंभीरता को नुकसान पहुँचाते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता को लेकर पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता खुले तौर पर उनके निर्णय लेने की क्षमता पर संदेह जताते रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महाशिवरात्रि: ब्रह्मांडीय ऊर्जा के बीच संतुलन बनाने का अवसर

**डा मनमोहन प्रकाश**

**महाशिवरात्रि** भगवान शिव की अराधना के लिए समर्पित है।आदि शंकराचार्य ने शिव को अद्वैत ब्रह्म कहा और निर्वाण षट्कम् में शिव की निराकार और सर्वव्यापी सत्ता का वर्णन किया। स्वामी विवेकानंद भगवान शिव को त्याग और सेवा का प्रतीक मानते हैं।संत तुकाराम ने शिव को भक्ति और प्रेम का साकार रूप बताया और शिव की उपासना को मोक्ष का मार्ग कहा। रामकृष्ण परमहंस कहते थे कि शिव प्रेम और करुणा के देवता हैं। सनातनियों द्वारा महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रात के रूप में मनाया जाता है। यह गृहस्थ जीवन की शुद्धता और महत्व को भी प्रतिपादित करती है। इस दिन सृष्टि का आरंभ और शिव तत्त्व का प्राकट्य हुआ तथा भगवान शिव ने स्वयं को ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रगट किया था। ऐसी भी मान्यता है कि जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया, तब जो विष (हलाहल) निकला, उसे भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण कर लिया था। इस कारण उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठेश्वर कहलाए। यह घटना महाशिवरात्रि के दिन ही हुई थी।कुछ मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि की रात को भगवान शिव ने अपना प्रसिद्ध तांडव नृत्य किया था, जो सृष्टि के सृजन, पालन और संहार का प्रतीक माना जाता है।यह भी कहा जाता है कि इसी दिन रावण ने शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की थी और शिवजी ने उसे आशीर्वाद दिया था। अतः महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह मानव चेतना, शरीर, और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के बीच संतुलन बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है, अध्यात्म के विज्ञान पक्ष को समझने का दिन है। सनातन संस्कृति में इस दिन ध्यान, योग, व्रत, मंत्र जप,तप,यज्ञ और शिवलिंग अभिषेक जैसे अनुष्ठानों आदि को करने का प्रावधान है,इन सभी की वैज्ञानिकता सिद्ध है। शिवरात्रि के दिन उपरोक्त में से किसी भी विधि द्वारा की गई पूजा-अर्चना व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से सशक्त बना सकती है।स्वामी विवेकानंद के अनुसार महाशिवरात्रि ध्यान और आत्मबोध का पर्व है।

## जनता की चुटकी: अनर्गल शब्दों की सभा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

एक बार फिर, हमारे राजनेताओं ने अपनी चतुराई और नाटकबाजी का एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस बार का आयोजन था जनता की चुटकीः अनर्गल शब्दों की सभा। राजधानी के सबसे बड़े सभागार में, भव्य सजावट के बीच, एक तेज-तर्रार नेता मंच पर आया। उसकी आँखों में आत्मविश्वास की चमक थी, और उसने कहा, भाइयों और बहनों, आज हम यहाँ इसलिए इकट्ठा हुए हैं ताकि हम अपनी जिम्मेदारियों से भागकर, जनता को दोषी ठहरा सकें! यह सुनकर दर्शकों में हलचल मच गई। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सभी लोग दोषों का ओलंपिक देखने आए हों। पैनल में बैठे अन्य नेता उत्सुकता से उसकी बातों का इंतजार कर रहे थे, जैसे कि कोई सर्कस का हाथी अपने मालिक की बत्तियों का। नेता ने आगे बढ़ते हुए कहा, आज की सबसे बड़ी समस्या है—बिजली का कटना। यह तो पूरी तरह से बिजली विभाग की नाकामी है! क्या आपको पता है, जब मैंने बिजली बचाने के लिए सुझाव दिए थे, तब उनके चेहरे पर क्या भाव थे? मानो कह रहे हों, यह हमारी क्या बला है? सभी नेता जोर-जोर से तालियाँ बजाने लगे, जैसे कि उन्होंने कोई ऐतिहासिक युद्ध जीत लिया हो। इस हंसी-ठिठोली में, एक पत्रकार ने हाथ उठाकर पूछा, महाशय, लेकिन पिछले चुनावों में आपने खुद वादा किया था कि बिजली की कमी को दूर करेंगे। क्या आप इस पर कुछ कहना चाहेंगे? नेता ने हँसते हुए कहा, ओह, क्या करूँ? मैं तो बस एक वादा करने वाला था। अब आप यह कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वादे भी निभाए जाएँ?

इसी बीच, एक मंत्री ने अपना स्थान ग्रहण किया।

वह गूढ़ वाक्यांशों के लिए मशहूर था। उसने कहा, मेरे प्यारे दोस्तों, असली समस्या तो हमारे देश के युवाओं की है। आजकल के युवा केवल इंस्टाग्राम पर लाइक्स पाने में व्यस्त हैं। यदि वे थोड़ा पढ़ाई पर ध्यान दें, तो शायद हमारी सरकार भी सफल हो पाएगी! पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। दर्शकों में से कुछ लोग अपने फोन पर चित्र ले रहे थे, मानो यह एक ऐतिहासिक क्षण हो।

## न्यूज फ्लैश

### औषधि नियंत्रण अधिकारी ने किया मेसर्स प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एफडीए करनाल-1** के औषधि नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एमटीपी किट और दोहरे उपयोग वाली प्रिस्क्रिप्शन दवाओं (एनडीपीएस) की वस्तुओं की अवैध बिक्री-स्टॉक की जांच करने के लिए कैथल रोड, करनाल के स्टार्टिंग फ्लाईओवर के पास, शॉप नंबर 3 पर स्थित फर्म मेसर्स प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का दौरा किया गया।
फर्म के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फर्म एनडीपीएस वस्तुओं की अवैध बिक्री में लिप्त थी। फर्म ने 33 से अधिक एनडीपीएस दवाओं का खरीद रिकॉर्ड दिखाया, लेकिन कोई बिक्री रिकॉर्ड नहीं दिखाया। इसलिए, अपराध को आगे बढ़ाने-एनडीपीएस वस्तुओं की अवैध बिक्री को रोकने के लिए परिसर को सील कर दिया गया।

### निकाय चुनाव के लिए ईवीएम व पोलिंग पार्टियो का किया गया द्वितीय रैंडमाईजेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्थानीय निकाय** चुनावों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करवाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी यश जालुका की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में निकाय चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व पोलिंग पार्टी का द्वितीय रैंडमाइजेशन किया गया।रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया चुनाव आयोग के निदेशानुसार की गई, जिसके तहत करनाल नगर निगम, असंध नगरपालिका अध्यक्ष उपचुनाव, इंद्री, तरावड़ी, नीलोखेड़ी नगरपालिकाओं में ईवीएम को वार्ड वाइज अलॉट किया गया। इस मौके पर सभी एआरओ तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे और उन्हें इसकी एक-एक फोटोकॉपी दी गई।
**क्या है रैंडमाइजेशन**
चुनावों में पारदर्शिता बरतने के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से जारी एक ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के जरिए रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। चुनाव में प्रायः पोलिंग स्टाफ और ईवीएम की रैंडमाइजेशन की जाती है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें एक क्रमवार सूची को सॉफ्टवेयर से अक्रमिक कर सूची तैयार की जाती है, ताकि कोई भी राजनीतिक पार्टी चुनाव अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सूची पर संदेह ना जताए। इसी कड़ी में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर रैंडमाइजेशन में अलग-अलग क्रम पर दी गई ईवीएम को वार्ड वाइज अलॉट कर दिया गया है।

### समालखा सुनार कल्याण सभा ने की शोक सभा का आयोजन

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा सुनार कल्याण सभा के सभी** सदस्यों ने छत्रपाल सोनी की सांसारिक यात्रा पूरी करने पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया ' जिला हिसार के आजाद नगर की रहने वाली नाबालिक लड़की 29 सितंबर से लापता है जिसको लेकर परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है और वह इस मामले में मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं वहीं परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाज के लोग भी उनके साथ जुड़ चुके हैं। अखिल हरियाणा सरकार संघ के पदाधिकारी छत्रपाल सोनी ने भी परिवार को न्याय दिलाने की मांग की थी और वह उनके साथ संघर्ष कर रहे थे लेकिन इस दौरान हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई जिसको लेकर समाज के लोगों में शोक की लहर है, इसी को लेकर समालखा सुनार कल्याण सभा के पदाधिकारी ने रविवार सुबह शोक सभा का आयोजन किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा के प्रधान प्रेमचंद वर्मा ने बताया कि समाज के लोगों के साथ कोई भी नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी और इसको लेकर वह समाज के प्रमुख लोगों को एकजुट कर परिवार के लिए न्याय मांगेंगे और नाबालिक लड़की परिवार को मिल सके इसके लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सचिव मुकेश वर्मा, खजांची रवि प्रकाश वर्मा, रामकरन वर्मा, अमृत वर्मा, सचिन भोला, मोहनलाल वर्मा, गुरबख्श वर्मा, आदि मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र 63951 किसानों के खातों में जमा हुए 13 करोड़ 56 लाख: सुशील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद : भाजपा** के जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत एक क्लिक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के 63951 किसानों के खातों में 13 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि जमा की है। इस योजना के तहत अब तक कुरुक्षेत्र के हजारों पात्र किसानों के खाते में 320 करोड़ रुपए की राशि जमा की जा चुकी है। भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से लाडवा रोड पर स्थित एक निजी पैलेस में जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।



इससे पहले भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड चेयरमैन जय सिंह पाल, उपनिदेशक डा. कर्मचंद, एसडीओ जितेन्द्र मेहता ने विधिवत रूप से जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से ऑनलाइन प्रणाली से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19वीं किश्त जारी करते हुए किसानों को संदेश दिया कि केन्द्र सरकार किसानों के हित में योजनाओं को लागू कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार योजनाएं लागू की जा रही है। इन योजनाओं से सीधा किसानों को फायदा मिल रहा है। देश के किसान परिवारों के लिए सकारात्मक अनुपूरक, समय पर खाद, बीज व आर्थिक सहायता के लिए, तथा सतत कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत पात्र किसानों को 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष सीधा बैंक खाते में जमा करवाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत 24 फरवरी 2025 को भी हरियाणा के 16.38 लाख पात्र किसानों को 360.27 करोड़ रुपए की 19वीं किश्त किसानों के खातों में जमा करवा दी है। इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र के 63951 पात्र किसानों को 13.56 करोड़ रुपए की राशि का लाभ मिला है।

## अशोक के चुनाव कार्यालय का भारी जन समूह में किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: पानीपत नगर निगम** के चुनाव आगामी 9 मार्च को होंगे चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई है, इसी कड़ी में सोमवार को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा , भाजपा मेयर पद प्रत्याशी कोमल सैनी,भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा, युवा भाजपा नेता राहुल विज, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख भाजपा ओ बी सी मोर्चा डा राजबीर आर्य, प्रीतम गुज्जर,पूर्व मेयर सरदारभूपेंद्र सिंह ने वार्ड 7 के भाजपा प्रत्याशी अशोक कटारिया के चुनाव कार्यालय का भारी जन समूह की उपस्थिति में विधि वत उद्घाटन किया। जन सभा को संबोधित करते हुए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा में विपक्षी पार्टियों के पास ने तो की कोई मुद्दा है नहीं भविष्य का विजन है और कांग्रेस की गुटबाजी के चलते अभी तक प्रत्याशियों की सूची भी जारी नहीं हो पाई है जबकि हरियाणा भाजपा ने पानीपत ही प्रदेश में सभी नगर निकायों जहां जहां चुनाव होने है सूची जारी कर दी है।और सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्र में जाकर लोगों से भाजपा का कमल खिलाने का अनुरोध कर रहे है।

### 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**पानीपत: विगत रविवार को** आरोही मांडल सी० से० स्कूल में छठी, नौवी व ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने छात्रों को नकल मुक्त परीक्षा के लिए प्रेरित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए 600 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। जिनमें से लगभग 560 छात्रों ने परीक्षा दी। प्राचार्य हेमलता बाल्यान ने बताया कि परीक्षा परिणाम 8 मार्च 2025 को घोषित किया जाएगा। पेपर को संचालित करने में एग्जाम इंचार्ज कोमल व अमित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अधिकारी जांचे फिर करें उनका समाधान: डॉ. संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) मुख्यमंत्री नायब सिंह** ने जनता की तकलीफों को समझ कर उनका हर प्रकार से निवारण करने को जो फैसला लिया था उस पर वे पूरी तरह से खरा उतर रहे हैं। हर विभाग में उनके कुशल नेतृत्व में जो योजनाएं संचालित की जा रही है उनमें हर प्रकार से पारदर्शिता बरती जा रही है। हर वर्ग इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को खुशहाल व समृद्ध बना रहा है। जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय सिंह ने कहा कि अधिकारी समाधान में आने वाली समस्याओं को पहले जांचे व फिर उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि वे शिविर में वे अपनी ताकत अपनी अनमोल शक्ति का जनता के हित में प्रयोग करें। शिविर में आने वाली समस्याओं का



कम से कम समय में निदान करके जनता को शिविर का महत्व दिखाने का सार्थक प्रयास करें। निगम संयुक्त आयुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निश्चित समय अवधि में समाधान करके लोगों की दुआएं लें। उन्होंने शिविर में पहुंची ज्यादातर समस्याओं का गहन रूचि के साथ समाधान किया।जिला परिषद की मुख्यकार्यकारी अधिकारी डॉ.किरण ने शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि नकारात्मकता को दूर रखकर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि आम विश्वास के साथ लोगों की समस्याओं को सुनें। जिनके पास आत्म विश्वास रूपी हथियार है वे बड़े से बड़े कार्य को आसानी से कर लेते है। उनका अपने आप पर भरोसा ही समाधान शिविर में समस्याओं पर विजय पाने में मददगार साबित होगा।समाधान शिविर में पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने पुलिस विभाग से संबंध रखने वाली समस्याओं की सुनवाई करते हुए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों की समस्याओं की गहराई व उनके दर्द को समझ कर उनका समाधान अतिशीघ्रता से करें। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 95 समस्याएं पहुंची। इनमें ज्यादातर समस्याएं पुलिस विभाग, क्रीड से संबंधित आई। ज्यादातर समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में प्रार्थी प्रदीप वासी बाल जटान ने कृषि भूमि से निकलने वाली पाइप लाइन के संबंध में मुआवजे को दिलवाने की प्रार्थना की। निगम संयुक्त आयुक्त ने आईओसीएल के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए।

### जिला सचिवालय में पुलिस ने किये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) कानून व्यवस्था को** बेहतर बनाए रखने के लिए मंगलवार 25 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला सचिवालय की और आने वाले वाहनों का रूट किया डायवर्ट
निगम चुनाव के लिए, नामांकन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जिला सचिवालय में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। सचिवालय के आस पास 6 स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोई अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि मंगलवार 25 फरवरी को काफी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन करने की संभावना के चलते सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए जिला सचिवालय की और आने वाले वाहनों का सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रूट डायवर्ट किया गया है। वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह निर्धारित किये वेकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर अपने गंतव्य की और जाए। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में जिला पुलिस को सहयोग करें।

## एफएसएल की रिपोर्ट पर दोषी को सजा सुनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) थाना सनौली में तीन** वर्ष के बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार करने पर 20 मई 2023 को एक जुनाईल के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 व पोक्सो-6 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। यह जुनाईल 15 वर्षीय पीड़ित के ताऊ का लडका था। इस मामले में पीड़ित बच्चे के माता-पिता ने अपने ब्यानों में उनके तीन वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार होने की रिपोर्ट थाने में की थी। पुलिस द्वारा दोषी जुनाईल पर




एफआईआर दर्ज की गई और रिपोर्ट एफएसएल में भेजी गई। परिणामस्वरूप एफएसएल की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। परन्तु अपने ब्यानों में पीड़ित के माता-पिता ने अपने ब्यानों को बदलते हुए कहा कि उनके बच्चे के साथ कुछ नही हुआ है। जबकि एफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित के साथ अपराध हुआ था। ऐसे में जुनाईल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसीपल श्री पुनित लिम्बा ने बताया कि एफएसएल की रिपोर्ट पर दोषी को सजा सुनाई गई है। जिसमें वह 8 मास की सजा काट चुका है और उसे आने वाले 6 मास के लिए, दोषी को प्रोवेशन पर रखा गया है। कोर्ट ने पीड़ित को न्याय देते हुए हरियाणा सरकार को लिखा है कि पीड़ित को तीन लाख रुपए की राशि 18 साल की उम्र तक उनके खाते में एफडीआर के रूप में जमा की जाए।
प्रिंसिपल मैजिस्ट्रेट ने बताया कि ऐसे मामले में बच्चा बहुत छोटा था जोकि अपने न्याय के लिए ब्यान देने योग्य नही था। बच्चे के अभिभावकगणों ने अपने ब्यानों को बदल दिया जोकि गलत है। ऐसे में कोर्ट ने निर्णय लिया कि पीड़ित जुनाईल को न्याय मिले उसके लिए कोर्ट सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। माता-पिता वाला सारा फर्ज बोर्ड अदा करेगा ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और दोषी को उचित सजा।

## कुवि कुलपति सचदेवा ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला के ब्रोशर का अनावरण

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र के कुलपति** प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से, 5 मार्च, 2025 को एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के ब्रोशर का अनावरण सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ.वीरेंद्र पाल, 48 कोस तीर्थ समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा के साथ विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के



कानूनी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी और विधि संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही द्वारा किया गया।
इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान भी भाग लेंगे।

## सरकार खेत से लेकर बाजार तक किसानों के साथ: महिपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) हरियाणा के शिक्षा मंत्री** महिपाल ढांडा ने सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र उझा में कृषि एवं किसान किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण को लेकर कटिबद्ध है। सरकार खेत से लेकर बाजार तक किसानों के साथ है। वो किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित है। उनका समाधान करके उन्हे खुशहाल बना रही है उन्होंने केंद्र में किसानों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया व प्रगतिशील किसानों के उत्पादों की जानकारी ली व उनके सामने कृषि संबंधी आ रही समस्याओं को भी जाना।



उन्होंने किसानो से ड्रोन के बारे उसकी ट्रेनिंग के बारे मे ,एक अन्य किसान से भी गुड व खूबी के उत्पादन के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने 4 प्रगति शील किसानों को सम्मानित भी किया । कार्यक्रम में पहुंचने पर एडीसी डॉ.पंकज यादव व एसडीएम समालखा अमित कुमार ने मंत्री का बुके देकर स्वागत, अभिनंदन किया।
महिपाल ढांडा ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निदान को लेकर सरकार प्रयत्नशील है। किसानों को बदलते हुए खेती के तरीको को लेकर अपने खेती के तरीकों में बदलाव लाना होगा। अलग अलग तरीके से खेती की जा रही है हमें ऐसे प्रगतिशील किसानों की तरह खेती में बदलाव करके अपनी स्थिति में सुधार करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती को भी खेती का है हिस्सा बना कर कृषि को और बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों से भी किसानों को अवगत करवाया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कृषि में 60 प्रतिशत रोजगार की संभावना है इसकार इसे 80 प्रतिशत तक बढ़ाने को लेकर प्रयत्नशील है। सरकार किसानों को सहयोग प्रदान करने को लेकर तैयार है किसानों को अपने बच्चों को भी खेती की बारीकियों से अवगत कराना चाहिए। उनका भी थोड़ा सा समय खेती में लगवाना चाहिए। अगर किसान के बच्चे खाती में थोड़ी सी आदत डालेंगे तो उसका भविष्य में कृषि को और मजबूती मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि का किसानों को सरकार ही वर्ष लाभ दिया है। इस योजना का मध्य व लघु किसानों को लाभ मिल रहा है। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा की आज वो जिस स्थान पर है वो उनकी मेहनत से संभव हो पाया है। उन्होंने किसानो से आह्वान किया की उन्हें खेती में और मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि वे 7 मार्च को विधान सभा के सत्र में किसानों की कुछ समस्याओं को उठाएंगे।

## हरियाणा सरकार सबसे ज्यादा फसलों की एमएसपी पर कर रही है खरीद-सुमित्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना(सोनीपत)। हरियाणा राज्य समाज** कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने कहा कि हरियाणा का किसान सबसे खुशहाल है क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ही देश का एकमात्र राज्य है जहां पर सबसे ज्यादा 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है ताकि हमारा किसान ऐसे ही खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ता रहे।
हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने बतौर मुख्यातिथि सोमवार को




गोहाना के सेक्टर-7 स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित किसान सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक बहुउपयोगी योजना है। सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना की 19वीं किस्त किसानों के खातों में जारी की है, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करती हूं।
उन्होंने योजना को एक क्रांतिकारी योजना बताते हुए कहा कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक वर्ष 3 किस्तों में उन्हें सुनिश्चित मौद्रिक समर्थन उपलब्ध कराने के जरिए भारत के छोटे एवं सीमान्त किसानों के जीवन में बदलाव लाना है। यह बदलाव दिख भी रहा है। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में डाले जाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर और गांवों के लिए अनेक कल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू किया है, जिसका लोगों को सीधा लाभ मिला है।
प्रदेश सरकार ने भी किसानों के हित में बड़े फैसले लिए है। किसानों की फसलें खराब होने पर मुआवजा राशि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ किया गया।
भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को लाभकारी मूल्य के साथ फसलों की खरीद सुनिश्चित की गई है।
उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के लागू होने के बाद हम किसानों की जिम्मेवारी भी बढ़ जाती है। किसानों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और भूमि संरक्षण कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना को लागू करके जल संरक्षण को बढ़ावा दिया है।

## बच्चों को शिक्षा प्रदान करना सबसे बड़ी सेवा और पुण्य का कार्य: महिपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
जौरासी रोड स्थित ब्राइट कैरियर हाई स्कूल व बीएमवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने कहा कि स्कूल खोलने का उद्देश्य सिर्फ कमाई का साधन नही है। बच्चो को शिक्षा प्रदान करना सबसे बडी सेवा और पुण्य का कार्य है। उन्होने कहा कि पढ लिख कर सारे नौकरी नही लागा करदे लेकिन होशियार बालक कही



न कही कामयाब हो ही जाता है इसलिए अभिभावक अपने बच्चो को जरूर पढाए। हरपाल ढांडा ने समारोह मे उपस्थित अभिभावको को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक, छात्र और परिवार के सदस्य सभी महत्वपूर्ण होते है और शिक्षा वह आईना है जो आपकी असाधारणता को प्रकट करती है। शिक्षा हमें पंख देती है जो हमें ऊचाइयों तक उड़ने की क्षमता देता है।

## न्यूज फ्लैश

### चेयरपर्सन और पार्षद भाजपा प्रत्याशी बने नगरवासियों की पहली पसंद: अनिल वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**कुरुक्षेत्र** : नगर परिषद के चुनावों की वोटिंग का दिन जैसे- जैसे पास आ रहा है चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है,ऐसी स्थिति में नगरपरिषद की चेयरपर्सन और वार्ड पार्षदों के रूप में नगरवासियों की पहली पसंद माफी ढांडा सहित सभी भाजपा उम्मीदवार बनते जा रहे हैं ।यह कहना है भाजपा नेता और कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा का ।अनिल वर्मा ने कहा कि अब नगरवासी देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के बाद नगर में भी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के पक्ष में हैं ताकि उनके वार्डों को मूलभूत सुविधाएं बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के मिलती रहें क्योंकि जिसकी सरकार होती है उनके काम भी सरलता से हो जाते हैं ऐसी आम-धारणा होती है ।अनिल वर्मा ने कहा कि जब सबको मालूम ही है कि आज पूरे देश में भाजपा की प्रचंड आंधी चल रही है तो ऐसी स्थिति में कोई शक नहीं कि इस आंधी में विपक्षी प्रत्याशी उड़कर हार के पाले में गिरेंगे और भाजपा के प्रत्याशी जीत के पुष्प-हार धारण करेंगे। अनिल वर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की जीत की जमीन नगर के पूर्व विधायक और पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के द्वारा किए गए अनगिनत कार्यों ने तैयार कर दी है जिसके आधार पर सभी प्रत्याशी एक-तरफा जीत हासिल करेंगे ।अनिल वर्मा ने कहा कि भाजपा इन चुनावों को कितनी गंभीरता से ले रही है उसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी राज्य भर में मेयर, चेयरपर्सन और पार्षद पद के प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसभाएं कर रहे हैं और कुरुक्षेत्र में भी ऐसी ही विशाल जनसभा गत रविवार को हो चुकी है जिसने भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में मजबूत जमीन तैयार की है।

### जिला पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में एंटी व्हीकल थेफ़्ट टीम ने वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में अमनदीप सिंह उर्फ शैंटी वासी मांडी जिला कुरुक्षेत्र, वीरेंद्र उर्फ शैंटी वासी तन्दावली जिला अम्बाला व सागर वासी मांडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा 8 मोटरसाईकिल व 1 स्कूटी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 5 फरवरी 2024 को थाना झांसा में दी अपनी शिकायत में नसीब राम वासी माजरी कलां जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी कस्बा ज्नस में फर्नीचर की दुकान है। दिनांक 30 जनवरी 24 को उसने अपनी मोटरसाईकिल को अपनी दुकान के सामने खड़ा किया था।

# जीवन सुखमयी तब होगा जब खुद को परमात्मा से जोड़े रखेंगे: रानी

**परमात्मा अवतरित होकर हमें शिक्षा देते हैं की अब इस शरीर को न देख आत्मा को देखने का प्रयास करो**

**आत्मा शांत**

**अपने जीवन को सदा खुशियों से भरकर रखना है और वह तब होगा जब हम खुद को उस परमात्मा से जोड़ेंगे**




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव वरदानी भवन, 3704/1-बी, में आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा ओम शांति महामंत्र है ओम शांति अर्थात मैं आत्मा शांत स्वरूप हूं। ब्रह्माकुमारीज संस्था का मुख्य उद्देश्य जन-जन को जागृत करना है कि गीता में किए गए अपने वायदे को पूरा करने के लिए भगवान इस धरा पर आ चुका है। परमात्मा अवतरित होकर हमें शिक्षा देते हैं की अब इस शरीर को न देख आत्मा को देखने का प्रयास करो। आत्मिक स्वरूप को देखने से हमें हर एक के आत्मिक गुण ही दिखाई देंगे। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम देखते हैं एक छोटा बच्चा भी फुलस्टॉप अर्थात बिंदी बहुत आसानी से कॉपी पर बना देता है लेकिन क्वेश्चनमार्क क्योंकि टेढ़ा होता है, उसे बनाना बड़ा मुश्किल लगता है। इसी प्रकार हमारा मनुष्य जीवन है जिसमें जो भी रोजाना में हमारे साथ व्यतीत होता है, अगर हम उसको भी तरह तरह के क्वेश्चनमार्क जैसे उसने ऐसे क्यों किया, उनसे मेरी बात नहीं मानी आदि आदि ना लगा करके बिंदी लगाए। ऐसा करने से वह बात हमारे दिमाग से उसी वक्त ही निकल जाएगी और हमारा मन शांत ओर खुशी से भरपूर अनुभव करेगा। इसके साथ ही उन्होंने सच्ची शिव रात्रि का महत्व बताया।

आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी जी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों का बहुत-बहुत दिल से स्वागत करते हुए कहा कि अपने जीवन को सदा खुशियों से भरकर रखना है और वह तब होगा जब हम खुद को उस परमात्मा से जोड़ कर रखेंगे। अगर हमारा संबंध उस परमात्मा के साथ है तभी हम अपने जीवन को खुशियों से भरपूर रख सकते हैं। सच्ची सुख शांति का दाता वह परमात्मा है।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी कंचघर, अंबाला सिटी आश्रम संचालिका जी ने कहा अपने जीवन में दो बातें हमेशा गांठ बांध ले जिसमें से एक है कि हमें भगवान का सुबह आंख खुलते ही है शुक्रिया करना है, हे परमात्मा आपने हमें एक ओर नया दिन दिया उसके लिए आपका शुक्रिया जीवन में जुड़ी हर बात के लिए हमें उस परमात्मा का सदा शुक्रिया करना है। यह शुक्रिया हमें बहुत आनंद देगा।

### 'मेरे भोले की बारात' में हुई बारातियों की मिलनी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरूक्षेत्र** : धर्म एवं अध्यात्म संस्था मां शाकंभरी देवी सेवक मण्डल द्वारा सोमवार को "मेरे भोले की बारात" में बारातियों की गोहर मिलनी की गई। अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली एवं सचिव चंद्रमौलि गौड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवरात्रि सेवा मण्डल द्वारा आयोजित "मेरे भोले की बारात" में आज झांसा रोड़ वाले रेलवे फाटक के पास अमृत आयुर्वेद प्रतिष्ठान पर बारातियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वधू पक्ष( माता पार्वती ) की ओर से शामिल मां शाकंभरी देवी सेवक मण्डल में संस्था के पदाधिकारियों के साथ नगर परिषद थानेसर की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा,नगर परिषद थानेसर अध्यक्ष की भाजपा प्रत्याशी माफी ढांड़ा,वॉर्ड 2 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी प्रवीण शर्मा,पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी,रामपाल सैनी,सुभाष शर्मा,शमशेर कश्यप,अश्वनी अत्री,गगनदीप ढींगरा आशु,श्याम जुनेजा,देवेन्द्र गर्ग,अशोक जैन,बलवंत सिंह मैहला,कपिल शर्मा अमीन,विश्वास कुमार,तरुण अरोड़ा सहित आसपास के दुकानदार,महिला संकीर्तन मंडली शामिल हुई। पंडित रमेश बृजवासी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ बारातियों और घरातियों को तिलक लगाकर मंगलकामना की गई। शिव बारात में शामिल प्रत्येक बाराती का नाम पुकारकर पगड़ी और फूलमाला पहनाई गई और उनकी मिलनी जिसमें मेवे की पोटली,सम्मान का सूचक पान और अंगवस्त्र भेंट किया गया। बारात आने से पहले महिलाओं द्वारा शिव विवाह के परंपरागत गीत गाए गए।

### पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : सोमवार को परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित। पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान एंटी नारकोटिक सैल की टीम को नशामुक्त अभियान के तहत नशा तस्करों के खिलाफ कारवाई करने के लिये सम्मानित किया किया। पुलिस अधीक्षक ने एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, सुखबीर सिंह, पवन कुमार,



हवलदार बलदेव, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, सिपाही संजीव कुमार, हुसन लाल व महिला सिपाही शिवानी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### स्वामी ज्ञाननाथ महाराज जी बने बाबा सवारनाथ डेरे के चेयरमैन

**जिम्मेदारी**

**डेरे में फाल्गुन मास की नवमी उत्सव की तैयारी के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : गांव बाहरी में सवार नाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट गांव बाहरी जिला कुरुक्षेत्र की विशेष मीटिंग रखी गई। ट्रस्ट के प्रधान मान सिंह और उप प्रधान मिहा सिंह रंगा ने बताया कि डेरे में फाल्गुन मास की नवमी उत्सव की तैयारी के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। सभी की सहमति से 6 मार्च से 8 मार्च तक लगातार 1 से 5 बजे तक सांग का आयोजन किया जाएगा। यह सांग सुप्रसिद्ध सागी सूरज बेदी व उनकी समस्त टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा । 8 मार्च दिन शनिवार को हवन पुजन व वार्षिक भंडारा किया जाएगा ।



डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया ताकि डेरे का अधिक से अधिक प्रचार हो। ट्रस्ट के महासचिव फूल सिंह पूर्व सरपंच दयालपुर और कोषाध्यक्ष सूरजभान बिबीयानन ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से महात्मा और संतो की एक सब कमेटी बनाई। इस कमेटी के चेयरमैन परमश्रद्धेय दिव्य ज्ञान रतन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सतगुरु स्वामी ज्ञाननाथ जी महाराज गद्दीनशीन चेयरमैन निराकारी जागृति मिशन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत सुरक्षा मिशन भारत बने । स्वामी ज्ञाननाथ महाराज जी ने कहा कि डेरे के लिए समर्पित होकर इसकी देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए अधिक से अधिक प्रयास करेंगे। इस पवित्र डेरे से अधिक से अधिक संगत जोड़ने का कार्य मिलकर करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उप प्रधान शेर सिंह ढांडा, वरिष्ठ उप प्रधान बलवंत सिंह मंगला,रामकुमार जोगना खेड़ा, रणधीर सिंह उदारसी, पाला राम चिबबा ,कर्मचारी सब कमेटी के प्रधान गुरनाम सिंह व राजकुमार पूर्व सरपंच सुलखनी, रामचंद्र ,प्रवीण कुमार, राहुल कुमार, रघुवीर नन्हेड़ा, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## परमात्मा के दिव्य अवतरण दिवस पर महोत्सव आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: ब्रहमाकुमारीज 214-215, फेस -2, जग्गी कॉलोनी, सेवाकेंद्र द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव बलदेव नगर , अंबाला शहर के परशुराम धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिव पिता परमात्मा के दिव्य अवतरण दिवस पर सभी कालोनी निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी दिव्या दीदी




जी ने शिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि परमात्मा पिता के आने का दिव्य अवतरण का यादगार ये पर्व है। परमात्मा शिव कलियुग रूपी घोर अज्ञानता की रात में आकर हमें विकारों को जीतने व देवतुल्य जीवन जीने का ज्ञान देते है। बीके नेहा दीदी ने परमपिता परमात्मा का परिचय बहुत ही सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि

**समां बांधा**

**कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन सेवाकेंद्र की मुख्य राजयोगिनी दिव्या दीदी ने की**

परमात्मा के बारे में अनेक मत है परंतु वह अजन्मा, अभोगता व निराकार ज्योति स्वरूप है जिनको ज्योतिर्लिंग के रूप में हम याद करते है। जिसका यादगार शिवरात्रि पर्व के रूप में मनाते है। राजयोगिनी बीके मीरा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम के अंत में सुंदर नाटिका बीके वैशाली बहन तथा बीके रवि नरूला द्वारा शिव व शंकर के परिचय को स्पष्ट करते हुए, प्रस्तुत की गई। कुमार शिवम ने बहुत सुंदर डांस कर सबका मन मोह लिया। बीके गौरव भाई व बीके राजेश भाई ने शिव परमात्मा की याद के गीतों द्वारा समा बांधा।

## चोरी के मामले में गांव माजरी का सर्वजीत आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 23 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी सर्वजीत सिहँ उर्फ सनमी निवासी गाँव माजरी थाना सदर अम्बाला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी ने एक मोटरसाईकिल बबैन जिला कुरूक्षेत्र




से, एक मोटरसाईकिल व एक एक्टिवा अम्बाला से चोरी की है। आरोपी से कुल तीन वाहन बरामद किए गए है।

इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री पवन कुमार निवासी धूलकोट माजरी जिला अम्बाला ने 25 दिसम्बर 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 दिसम्बर 2024 को मुख्य डाकघर कार्यालय अम्बाला शहर के बाहर से अज्ञात आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर**। परिवार सहित मोटरसाइकिल पर सवार होकर ससुराल जा रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पत्नी व बच्चे को मामूली चोटें आईं। हादसे को अंजाम देने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान रोहतास (30) निवासी रोशनपुरा थाना सढौरा के रूप में हुई। सोमवार को मृतक के मौसा धर्मपाल ने बताया कि रोहतास मेहनत मजदूरी का काम करता था।

## वार्डवासियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ: ओंकार नाथ

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला छावनी**: वार्ड-19 से आजाद उम्मीदवार ओंकार नाथ मिश्रा की ओर से वार्ड के पटेल नगर, लक्ष्मी नगर, अशोक विहार का अपनी टीम सदस्यों के साथ दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों को आगामी 2 मार्च को चुनाव चिन्ह शंख के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की ताकि उनके वार्ड को डिजीटल विकसित करने का अभियान सफल हो सके। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर सीसीटीवी व गली-गली में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था करवाने से



लोगों के अंदर सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगी और वह यदि जीतते हैं तो इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।

इसके अलावा वार्ड के लोगों को जिन सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन सभी का भी लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि उनका व उनकी टीम का लक्ष्य है कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले वार्ड का दौरा कर स्वास्थ्य प्रबंधन, कचरा संग्रहण, आंगनबाड़ी व्यवस्था के सुचारू

**प्रचार**

**सीसीटीवी व गली-गली में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था करवाने से लोगों के अंदर सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगी**

रूप से होने या नहीं होने का जायजा किया जाएगा। इसके बाद शीघ्र अति शीघ्र इन्हें दुरुस्त करवाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश, हरि नारायण, दुखहरण यादव, धीरज कुमार, नूतन मिश्रा, पंकज कुमार, विनोद कुमार, साधना मिश्रा, वाणी देवी, कनिका अग्रवाल, सचिन, संदीप, रामकरण, अर्जुन यादव,

## कर्मचारी यूनियन ने की आंदोलन की रूपरेखा तैयार : नरेंद्र

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की अति आवश्यक मीटिंग प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जींद में संपन्न हुई । मीटिंग का संचालन प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने किया ।मीटिंग में प्रांतीय चेयरमैन रणवीर दलाल, प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान जिले सिंह भडाना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पवन रजाना, प्रांतीय मुख्य संगठन कर्ता रविंद्र कुमार उपस्थित रहे । मीटिंग में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की जायज मांगों



व समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया । प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने बताया कि संगठन द्वारा पत्राचार करने उपरांत भी श्री रणबीर गंगवा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार एवं श्रीमती श्रुति चौधरी सिंचाई विभाग मंत्री हरियाणा सरकार या श्री नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा संगठन को बातचीत के लिए समय नहीं दिया गया । इसके विपरीत ग्रामीण जलघरों को बड़ी तेजी से ग्राम पंचायतों के अधीन किया जा रहा है ।जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है । हरियाणा सरकार के लटकाऊ व टरकाऊ रवैये के कारण फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है

**विचार-विमर्श**

**मीटिंग में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की जायज मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया**

।जायज मांगों व समस्याओं का समाधान न होने पर प्रदेश भर के कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन द्वारा हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया और आंदोलन को मजबूती से सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में सभी सर्कल स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रमों में प्रांतीय पदाधिकारीयों की ड्यूटीयां लगाई गई जिसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी अधीक्षक अभियंताओं के कार्यालय पर रोष प्रकट कर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन निम्नलिखित तिथियां अनुसार भिजवाए जाएंगे पलवल दिनांक 20. 3.2025 गुरुग्राम दिनांक 26 3.2025 सोनीपत दिनांक 3. 4. 2025 अंबाला 8.4. 2025 सिरसा 16.4.2025 नारनौल 22.4.2025 झज्जर 25.4.2025 रोहतक 02.05.2025 कैथल 06.05.2025 जींद 09.05.2025 रेवाड़ी 13.05.2025 हिसार 16. 05.2025 करनाल 20.05. 2025 भिवानी 27.05.2025 को ज्ञापन भिजवाए जाएंगे।

## रेडक्रॉस का सिद्धांत है स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता: डा. सुनील कुमार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : रेडक्रॉस सचिव सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त नेहा सिंह के दिशा निदेर्शानुसार श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

रेडक्रॉस सचिव सुनील कुमार ने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न 9 महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्र छात्राएं एवं काउंसलर ने भाग लिया। इस




शिविर का उद्घाटन सचिव सुनील कुमार व श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी निदेशक डा.दुर्गा दत्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिविर में दी गई शिक्षा पर अमल करते हुए एक सभ्य नागरिक बनकर देश निर्माण में सहयोग करें।

# मन के अवगुणों को त्यागना ही सच्ची शिवरात्रि: राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य" रहा। बी.के पुष्पा और आरती बहन ने पटका पहना और पुष्प गुच्छ भेंट कर मंचासीन महानुभावों का हार्दिक अभिनंदन किया । इस पुण्य अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ( डी.डी ), कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका



चेयरपर्सन उमा सुधा , विशिष्ट अतिथि हरियाणा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन शर्मा, मातृभूमि सेवा मिशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा जी, मानवतावादी विश्व संस्थान की साध्वी आशा देवी, कार सेवा गुरुद्वारा साहब बाबा अमरीक सिंह जी, , पिपली गुरुद्वारा नीलधारी संप्रदाय प्रबंधक, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेशन अनिल वशिष्ठ , केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन जी आदि अतिथियों और प्रबुद्धजनों के हाथों दीप प्रज्वलित कर और शिव ध्वज लहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ आर. डी. शर्मा ने शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को रखने का उद्देश्य स्पष्ट किया और बताया कि परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि गीता में भगवान ने कहा मैं अव्यक्त से आकर मनुष्य तन का आधार लेता हूं, मूड मति लोग मुझे नहीं पहचानते । मैं ब्रह्मा तन के आधार से नई सृष्टि की स्थापना करता हूं । मैं महाकाल हूं। लोक क्षय के लिए प्रकट हुआ हूं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा जी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सच्चा -सच्चा कुंभ मेला तो माउंट आबू में है। जहां आत्माओं का परमात्मा से मिलन होता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था के बारे में बताया कि शायद कोई ऐसी संस्था है जो इनके मुकाबले की है, सृष्टि पर जहां इन बहनों के चरण पड़ते है वही धन्य हो जाती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व नगर पालिका चेयरपर्सन उमा सुधा जी ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे-जैसे शिवरात्रि आने वाली होती है वैसे-वैसे माउंट आबू की याद आने लगती है।

# अपोलो स्कूल में वार्षिकोत्सव का किया गया रंगारंग आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टीकल्याणा में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी खूब जोश और उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य और विद्यालय की मार्गदर्शिका रजनी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में रही। कार्यक्रम के शुरूआत में संगीत क्लब के विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई।कक्षा प्री नर्सरी से तीसरी तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर समा बांध दिया । कार्यक्रम का मंच संचालन मयंक और दिव्यंका ने किया। प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों के द्वारा किए गए मंच संचालन की भी अभिभावकों ने



खूब प्रशंसा की। वहीं स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा ताइक्वांडो, योग, तलवारबाजी की प्रस्तुति देकर बच्चों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की अलग-अलग क्षेत्र की कलाओं को सराहा गया और गत वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के प्रयास को पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा कथक की जोरदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीतमय कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ने हर साल की तरह इस साल भी वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन किया है।

## न्यूज फ्लैश

### प्राणायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के नेतृत्व में संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत अटल पार्क सेक्टर नौ में दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया, जिसमें उपस्थित योग साधकों ने सभी योग क्रियाएं कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस कक्षा की शिक्षिका शिवानी कंबोज और अन्य साधकों ने सर्वप्रथम यौगिक क्रियाएं और आसन का अभ्यास किया।

दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम की विधिपूर्वक शिक्षा दी और बताया कि प्राणायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। स्मरण शक्ति में सुधार होता है। रक्त का संचरण होता है। योग के जरिए ना सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों व व्याधियों को दूर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम खुद को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर साधन है। हमें प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में पहला सुख निरोगी काया है। यदि हम स्वस्थ होंगे, तभी हम अपने परिवार और समाज को स्वस्थ कर पाएंगे। इसके लिए लोगों को अपनी सोच और मानसिकता बदलनी होगी और योग को प्राथमिकता देकर अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा।

### वॉलीबाल के खेल के साथ हुआ जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। युवा कार्यक्रम एवं** खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र द्वारा सोमवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का समापन समारोह स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया गया। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि कार्यक्रम का समापन पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ब्लॉक निसिंग के गांव ब्रास ने बाजी मारी, जबकि ब्लॉक नीलोखेड़ी की टीम को द्वितीय स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। टीम प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को ट्रॉफी व टी-शर्ट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में करनाल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। सभी विजेताओं को जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, कोच कृष्ण पाल, राजेंद्र व बलजिंदर और कार्यक्रम सहायक पंकज गौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में युवा स्वयंसेवकों आशीष, सागर, राहुल, दिव्या, रंजना, रवीन और शुभम इत्यादि का सहयोग रहा।

### हुक्का बार पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई : राजीव रतन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। मंडल आयुक्त राजीव रतन ने शहरी क्षेत्र में संचालित हुक्का बार पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी कड़ी में जिला के शहरी क्षेत्रों में हुक्का बार पर व्यापक प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस प्रतिबंध के कार्यान्वयन में प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण, उल्लंघन के लिए दंड का सख्त प्रवर्तन और हुक्का धूम्रपान के खतरों के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान शामिल किए गए हैं। मंडल आयुक्त राजीव रतन ने बताया कि जिला के शहरी क्षेत्रों में संचालित हुक्का बारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसे लेकर डीसी को निर्देश दिए गए हैं। हुक्का बार प्रतिष्ठान अक्सर खुद को सिगरेट पीने के लिए एक सुरक्षित विकल्प प्रदान करने का दावा करते हैं, जिससे यह गलत धारणा बनती है कि हुक्का का उपयोग कम हानिकारक है। यह एक खतरनाक और स्पष्ट रूप से झूठा दावा है। उन्होंने बताया कि व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार हुक्का पीने से सिगरेट पीने के बराबर और कई मामलों में, स्वास्थ्य संबंधी अधिक जोखिम होते हैं।

# अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त** के आदेशानुसार लाडवा में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला में लगभग 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कलां में अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी



मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला नजदीक विश्वास नगर केडीबी रोड व अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में लगभग 12 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला में लगभग 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद्द करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें।

# सुनील को पगड़ी पहना कर समाज के प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) शहर के वार्ड 2 नूरवाला में** प्रजापति समाज द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के बड़े बजुर्गो ने सुनील प्रजापति को पगड़ी पहना कर समाज के प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी।प्रजापति समाज की जिम्मेदारी मिलने पर सुनील ने कहा कि प्रजापति समाज ने जो उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है इसके लिए वह समाज के सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं और यह विश्वास दिलाता हूं कि समाज के नाम पर कभी कोई दाग नहीं लगने दूंगा। प्रजापति समाज हमेशा से दूसरों की मदद करता आया है और आगे भी सेवा करता रहेगा।सुनील प्रजापति ने बताया कि समाज का सामाजिक धार्मिक के साथ राजनीति में भी अहम योगदान रहता है और इस के चलते आज समाज ने मिलकर बीजेपी की मेयर उम्मीदवार कोमल सैनी को अपना भरपूर समर्थन दिया है।समाज के इस योगदान के लिए कोमल सैनी ने कहा कि वह हमेशा प्रजापति समाज ऋणी की रहेगी।इस अवसर पर बबैल मंडल अध्यक्ष जसविंदर चहल,कबाड़ी मंडल अध्यक्ष अतरसिंह प्रजापति,काजल शर्मा पार्षद उम्मीदवार, पूर्व अध्यक्ष संजय त्यागी,रामेश्वर प्रजापत, सोनू प्रजापत, पालू प्रजापत,विजय पाल प्रजापत , रामफल प्रजापत, भगवान प्रजापत, विनोद प्रजापत, रामकुमार प्रजापत, राम करण प्रजापत,सोहन प्रजापत, लक्ष्मन प्रजापत, प्रजापति समाज के ओर भी लोग मौजूद रहे।

# ग्राम कवि में निशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री** सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम कवि के चौपाल में नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की ग्रामवासियों की स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा तनेजा मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, पानीपत के सहयोग से ग्राम कवि में सभी उम्र के लोगो के लिए निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 210 ग्रामवासियों के स्वास्थय की जाँच की गई तथा लगभग 120 ग्रामवासिया निशुल्क चश्में एवं दवाईयों का वितरण किया गया। उक्त शिविर में तनेजा मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, पानीपत के डाक्टर और उनके नर्सिंग स्टाफ, कवि ग्राम के राजीव, सरपंच प्रतिनिधि, जसदीप सिंह एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुरए राहुल भाद्वाज, एवं रंजीत सिंह भी मौजूद रहें। समस्त ग्रामवासियों ने इस शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं श्री सीमेन्ट को धन्यवाद दिया एवं उनके द्वारा समय समय पर किये जा रहें सामाजिक कार्यों की प्रशसा की।

# हरियाणा ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा निकाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय किसान** संघ का अखिल भारतीय त्रिदिवसीय अधिवेशन गुजरात के पालनपुर जिले के अंतर्गत दांतीवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहा है। जहां पर 22 फरवरी 2025 को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सभी राज्यों द्वारा अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई एवं हरियाणा राज्य द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की गई ' शोभायात्रा के दौरान देश के हम भंडार भरेंगे - लेकिन कीमत पूरी लेंगे, कौन हमारे सुखदाता - धरती गंगा गौ माता इत्यादि उद्घोष



गुंजायमान रहे '

शोभायात्रा में हरियाणा से हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष सतीश छिकारा, प्रांत महामंत्री रामवीर सिंह चौहान , प्रांत महिला प्रमुख सुनील लोहचब जी एवं जिला महामंत्री नीरज शर्मा धनाना, जिला युवा अध्यक्ष अनिल कौशिक सेरसा, जिला महिला प्रमुख नीलम भंडेरी, जिला सहमंत्री विकास बुटाना एवं रोहित रोहिल्ला सहमंत्री तथा जिला गन्ना प्रमुख शक्तिमान सेरसा इत्यादि उपस्थित रहे ।

# आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में निप्पॉन स्टील पाइप इंडिया लिमिटेड कंपनी भाग ले रही है, जो जापानी जोन नीमराना (राज.) से संबंधित है। इस कैंपस ड्राइव में आईटीआई की सभी टेक्निकल ट्रेड्स के पास शुदा अभ्यर्थियों का ट्रेनी ऑपरेटर के रूप में चयन किया जाएगा। संस्थान के जीआई इंचार्ज संदीप यादव ने संस्थान की सभी टेक्निकल ट्रेड्स के पास शुदा बेरोजगार अभ्यर्थियों को इस कैंपस ड्राइव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

# महाशिवरात्रि व्रत का महात्म्य...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : ज्योतिषाचार्य** मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि महाशिवरात्रि के रूप में मनायी जाती है। इस दिन चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रि तक अवश्य होनी चाहिए। यह व्रत सकाम - निष्काम भाव से रखने वाले सभी के लिए हितकारक है।इस दिन शिवलिंग पर जल,दूध,दही, शक्कर,मधु,घृत ( पंचामृत) , बिल्वपत्र ,बेल,?धतूरा, ऋतु फल अर्पित कर पूजा करने का बहुत महत्व है। इस दिन रात्रि जागरण करके शिव पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर सभी प्रकार के सुख प्रदान करते हैं। ज्योतिषाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने बताया शिव रात्रि का महात्म्य -

एक बार एक निषाद था । वह किसी वन में अपने परिवार के साथ रहता था । वह वन में जाकर पशुओं का वध करता और चोरी करके अपना और परिवार का भरण पोषण करता। उसने? बाल्यावस्था से लेकर कभी कोई शुभकर्म नहीं किया था। एक दिन वह वन में शिकार के लिए गया । दैववश उसे उस दिन कुछ न मिला और रात हो गई। इससे वह बहुत दुखी हुआ। तब वह ब्याध एक जलाशय के समीप गया और विचार करने लगा कि इस स्थान पर जल पीने के लिए कोई न कोई जंतु अवश्य ही आएगा । ऐसा विचार कर पास ही स्थित बिल्व वृक्ष पर चढ़ कर बैठ गया। उस बिल्व वृक्ष के नीचे एक शिवलिंग था। संयोग वश उस दिन महाशिवरात्रि का पर्व था। उस रात के प्रथम प्रहर में एक मृगी आई। तब हिरनी को देखकर खुश हो उसे मारने के लिए शीघ्र ही अपने धनुष पर बाण चढ़ाया। उसके ऐसा करते ही कुछ बिल्व पत्र और जल नीचे गिर पड़े, जहां पर शिवलिंग था।इस प्रकार प्रथम प्रहर की पूजा अनजाने में ही ब्याध के द्वारा संपन्न हो गई जिसकी महिमा से उसके पाप नष्ट हो गए।

वहां उस शब्द को सुनकर व्याकुल मृगी ब्याध को देखकर कहने लगी यदि मेरे अनर्थकारी देह के मांस से तुम्हें सुख प्राप्त हो जाए तो उससे अधिक पुण्य क्या हो सकता है। किंतु एक विनती है कि मेरे सभी बच्चे इस समय आश्रम में हैं उन्हें अपने स्वामी और बहन को सौंपकर आ जाउंगी। सत्य कह रही हूं। मैं कभी मिथ्या नहीं कहती।उसके ऐसा कहने पर बयाध ने मृगी से कहा -जाओ। तब वह मृगी प्रसन्न होकर चली गई। तब तक उस ब्याध का दूसरा प्रहर भी बिना सोए बीत गया इसी बीच बयाध के हिलने से बिल्व पत्र और जल वृक्ष से टपककर शिवलिंग पर गिर जाता। इसी प्रकार तीसरा प्रहर आने पर उसे एक मृग जलाशय की तरफ आता हुआ दिखाई पड़ा । उस मृग को देखकर बयाध बहुत प्रसन्न हुआ और धनुष पर बाण चढ़ाने को उद्धत हुआ।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो चमका दूंगा नगर निगम क्षेत्र: कमल दीवान



**सोनीपतः सोनीपत नगर** निगम मेयर पद के उम्मीदवार कांग्रेस नेता कमल दीवान ने सोमवार को सोनीपत रेलवे स्टेशन, कच्चे क्वार्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान ने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो सोनीपत नगर निगम क्षेत्र को चमका देंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोच रहे है कि महज आठ माह का ही तो चुनाव है, लेकिन अगर नीयत ठीक हो तो काम करने के लिए तो एक माह ही काफी है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स से मिले पैसे को लेटलतीफी की भेंट चढ़ाया जा रहा है।

# माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान विद्यार्थी का नैतिक कर्त्तव्य-देवव्रत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः गुरुकुल कुरुक्षेत्र में** आज गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी का छात्रों के मध्य ओजस्वी व्याख्यान हुआ जिसमें आचार्यश्री ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हेतु पूरी ईमानदारी से परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा




किया गया। आचार्यश्री ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से यह अपेक्षा होती है कि वे बुढ़ापे में उनकी सेवा करे, समाज में उनका मान सम्मान बढ़ाए। इसी आशा के साथ अभिभावक अपने बच्चों को गुरुकुलों में भेजते हैं, जहां बच्चों को सही मायने में संस्कारवान बनाया जा रहा है। विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और गुरुओं का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि 9वीं से 12वीं कक्षा के दौरान छात्रों में शारीरिक बदलाव आते हैं, इस दौर में बच्चे दिमाग से कम और दिल से ज्यादा निर्णय लेते है जो कई बार उनके भविष्य के लिए सही साबित नहीं होते। विद्यार्थियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए क्योंकि विन्रमता से ही विद्या आती है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे दुनिया की चकाचौंध से भ्रमित होकर अपने जीवन के लक्ष्य से भटक जाते है, गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति इसी भटकाव से छात्रों को रोकती है, गुरुकुल के संस्कार ब्रह्मचारी को गलत आदतें, गलत संगत से बचाकर एक सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं जिससे वो देश, समाज की उन्नति में सहायक बने। आचार्यश्री ने कहा कि विद्या, ताकत और धन यही सही हाथों में हो तो उसका सदुपयोग होगा और यदि ये तीनों गलत हाथों में चले जाएं तो विनाश का कारण बनते हैं। रावण, कंस, दुर्योधन सहित ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास भी ज्ञान था मगर उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग अपने स्वार्थ हेतु दूसरों को नुकसान पहुंचाने में किया, इसके विपरीत श्रीकृष्ण, श्रीराम चन्द्र आदि महापुरुष हुए जिन्होंने अपने ज्ञान से समाज का कल्याण किया। आज श्रद्धा से स्मरण करतीं जबकि रावण, कंस, दुर्योधन आदि का नाम भी कोई सम्मान से नहीं लेता। इसलिए जीवन में उन्नति के लिए हमेशा बड़ो का सम्मान करो, पुस्तकों से प्रेम करो और समय के एक-एक क्षण का सदुपयोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में करो।

# भाजपा में महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता है: कोमल सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः सोमवार को भाजपा मेयर** पद प्रत्याशी कोमल सैनी ने हुड्डा सेक्टर 24 में घर घर जाकर भाजपा का प्रचार किया।और भाजपा के हक में मतदान करने की अपील भी की। इसके बाद गुप्ता भवन में एक नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल है। इस पार्टी में महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता है।प्रदेश की बहन बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है।प्रदेश में छात्राओं को स्नातक स्तर तक की



शिक्षा निःशुल्क दी जाती है। इसलिए सभी अभिवावकों को महिला सशक्तिकरण के लिए आगे आना होगा ।उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता अपने परिश्रम के बल पर ऊंचे से ऊंचा पद प्राप्त कर सकता है। इसलिए सभी महिला पुरुष कार्यकर्ता इन चुनाव में दिन रात मेहनत करके जीत के मामले में इस चुनाव को ऐतिहासिक बनाने का काम करे।




# भाजपा ने आआपा की गृहकर माफ करने की घोषणा को बताया छलावा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय जनता** पार्टी के नेताओं ने दिल्ली नगर निगम की गृह कर माफ करने की घोषणा को आम आदमी पार्टी (आआपा) का छलावा बताया है। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह एवं दिल्ली
भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार से हताश आआपा अब अपने पार्षदों के दलबदल कर भाजपा में शामिल होने की वजह से दिल्ली नगर निगम में भी बहुमत खो चुकी है। झूठी घोषणाएं करने की बजाय




आआपा नेतृत्व 25 फरवरी को दिल्ली नगर निगम सदन में अपना बहुमत साबित करे। भाजपा नेताओं ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आआपा नेता भलीभांति जानते हैं कि गृह कर को लेकर उनकी आज की घोषणाएं एक छलावा है। ऐसी किसी भी घोषणा को लाने से पहले दिल्ली वित्त आयोग, म्यूनिसिपल वैल्यूएशन कमेटी और नगर निगम की स्थाई समिति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है, जो नगर निगम के पास आज गठित नहीं हैं।
राजा इकबाल सिंह ने कहा कि 2021 में तत्कालीन तीनों निगमों में भाजपा महापौर पूर्ण बहुमत के साथ रिहायशी मकानों का गृह कर माफ करने का प्रस्ताव लाए थे, जिसे तत्कालीन आआपा निगम पार्षदों और अरविंद केजरीवाल सरकार ने रोक दिया था और लागू नहीं होने दिया था। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आआपा नेतृत्व ने दिल्ली नगर निगम की दो साल से अधिक समय से स्थाई समिति गठित नहीं होने दी और न ही केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वित्त आयोग का गठन होने दिया और आम सदन के माध्यम से प्रशासन चलाने की असंवैधानिक कोशिश की। इसी का परिणाम है कि नगर निगम के सभी विकास कार्यों के साथ ही प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी ठप पड़ी है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज आआपा के पास केवल 112 निगम पार्षद हैं जबकि विपक्ष में हमारे पास 119 पार्षद हैं और 7 कांग्रेस पार्षद हैं।

## कचरा प्रबंधन को लेकर एनसीआर के राज्यों से जवाब तलब

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने कचरा प्रबंधन को लेकर एनसीआर के राज्यों से जवाब तलब किया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स के प्रावधानों को शहरी नगरीय निकायों की ओर से लागू किए जाने को लेकर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कचरा प्रबंधन के लिए ये जरूरी है कि जहां से कचरा एकत्र किया जा रहा है वहीं से इसे अलग-अलग कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि देश में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है लेकिन ठोक कचरा प्रबंधन नियमों का पालन किए।

## 'रमजान के पवित्र महीने में जन-सुविधाओं के किए जाएं विशेष प्रबन्ध'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली की** रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी ने रमजान मुबारक के पवित्र महीने के दौरान दिल्ली में जन-सुविधाओं का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की है। रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार को अलग-अलग पत्र लिखकर 1 मार्च 2025 से शुरू हो रहें पवित्र रमजान मुबारक के महीने के दौरान दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में बिजली पानी तथा सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की है। शमीम अहमद खान के द्वारा उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता



एवं मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार को भेजे गए पत्रों में रमजान मुबारक के पवित्र महीने में रोजेदारों के लिए ताजे फल, सब्जियां, दूध व अन्य खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर सरकारी गाड़ियों के द्वारा उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया है ताकि रोजेदारों को रमजान मुबारक के दिनों में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी का सामना नही करना पड़े।

## एक्शन मोड में दिल्ली सरकार, अब गरीब का भी होगा बेड़ापार : सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में सरकार** बने अभी चार दिन का ही समय बीता है और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक्शन मोड में नजर आ रही है और कई अहम फैंसले भी ले चुकी है। आपको बतादें कि सीएम रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व ही यमुना की सफाई करवाकर यमुना घाट पर यमुना आरती कर दिल्ली वासियों को यह मेसेज दिया कि अब दिल्ली से गंदगी का सफाया पूरी तरह से होगा। बुराडी विधानसभा क्षेत्र स्थित झडोदा वार्ड की पूर्व निगम



पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीएम पद की शपथ लेने से पूर्व ही यमुना नदी की सफाई करवाकर यह साबित कर दिया कि अब दिल्ली आप की नहीं बल्कि भाजपा की है और अब यहां भ्रष्टाचार नहीं काम बोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही मोदी की गांरटी का अनुसरण करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली वालों की भलाई के लिए कई अहम और बडे फैंसले भी लिए है, जैसे कि डीटीसी बसों मे महिलाओं के लिए फ्री यात्रा योजना, वैसे ही चलती रहेगी जैसे चल रही थी। इसके साथ ही दिल्ली में भी और भाजपा शासित राज्यों कि तरह आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों में मुफत इलाज।

## ड्रीम विजन पब्लिक स्कूल पल्ला ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ड्रीम विजन पब्लिक स्कूल पल्ला का पांचवां फाउंडेशन डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिसका उद्घाटन इंस्पेक्टर सुनीता सिंह, कम्युनिटी पुलिस सुरिंदर सिंह दहिया ने स्कूल के फाउंडर ईश्वर सिंह चौहान के साथ रिबन काट कर किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक चौहान, स्कूल की प्रिंसिपल पारुल शर्मा, साइबर दोस्त सुरिंदर बिष्ट, सौरभ कुमार एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ वंदना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।
स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा कला का प्रदर्शन करते



हुए प्रदर्शनी में अलग-अलग थीम पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी के स्टॉल लगाए थे, बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ स्कूल में आए हुए गणमान्य अतिथियों को अपने-अपने स्टॉल के बारे में जानकारी दी। जिनमें से प्रमुख ट्रांसपोर्ट, मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे, मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल, मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस, मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे, कम्युनिटी ऑफ हेल्पर्स, अपनी पाठशाला (विज्ञान एवं बैंकिंग प्रदर्शनी) रहे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया एवं सभी को उत्साह के साथ अपने-अपने विषय के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया ।
मुख्य अतिथियों के साथ-साथ उनके पेरेंट्स ने भी प्रदर्शनी की भरपूर सराहना की।
बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार के झूले एवं फूड स्टॉल्स एवं म्यूजिक रहे। स्कूल के शिक्षकों एवं स्कूल की समस्त टीम ने आए हुए मुख्य अतिथि का स्वागत गुलदस्ता देकर किया।

## दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भाजपा नेत्री मुस्कान जगदीश ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा दिल्ली एवं कालिंदी कॉलेज दिल्ली विश्विद्यालय से अध्यक्ष रही मुस्कान जगदीश ने देश की राजधानी दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में बधाई एवं सफल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दीं। मुस्कान जगदीश का कहना है कि रेखा गुप्ता एक कुशल नेत्री के रूप में सभी वर्गों को साथ लेकर चलते हुए महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल और गरीबों की भलाई



के काम को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएंगी। जनता जनार्दन ने जिस आशा और अपेक्षा के साथ भाजपा को अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया है, उस पर खरा उतरते हुए, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जन-जन को समृद्धि सुनिश्चित करते हुए दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित बनाने के लिए सदैव प्रयास करेंगी। मुस्कान जगदीश का कहना है कि हम सभी को पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा की डबल इंजन की सरकार दिल्ली में प्रगति एवं विकास के आयाम स्थापित करेगी।

## '48 सीटें जिताकर बहुमत देने वाली दिल्ली की जनता को अभी तक भाजपा की सरकार से निराशा ही हाथ लगी है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी** के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता के भविष्य और दिल्ली के विकास के निर्णय लेने की जगह दिल्ली विधानसभा सत्र का पहला दिन औपचारिकताओं को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से फोटो हटाने और फोटो लगाने का विरोध और समर्थन में हुई नारेबाजी और शोर शराबे की भेंट चढ़ गया। दिल्ली की जनता ने भाजपा को जिन उम्मीदों से बहुमत दिया, सरकार की ओर से जनता को पहले दिन निराशा हाथ लगी।



उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायकों की अलोकतांत्रिक गतिविधियों के कारण पहले दिन सदन का स्थगित होना शर्मनाक है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद भाजपा को अपना नेता चुनने में इतना समय लगना और बहुमत मिलने के बाद दिल्ली के मंत्रीमंडल के शपथ लेने के बाद अभी तक दिल्ली की जनता से किए हुए वादों को पूरा करने की एक भी घोषणा नही होना भाजपा की नियत पर संदेह पैदा करता है, क्योंकि पहली कैबिनेट बैठक में जनता से की गई घोषणा को लागू करने की बात कही थी, कहीं भाजपा की केन्द्र सरकार के 15 लाख देने और 2 करोड़ रोजगार देने के वादे की तरह दिल्ली की जनता से किए वादे भी जुमला साबित तो नही होंगे? देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में दिल्ली की सत्ता में रही आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन उजागर होने के बाद दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि भाजपा केजरीवाल के भ्रष्टाचार की सीएजी की 14 रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखेंगी परंतु इस पर भी दिल्लीवालों को निराशा मिली। क्या भाजपा की दिल्ली सरकार भी जनता की अपेक्षाओं पर निष्क्रिय साबित होगी? क्योंकि परिवहन मंत्री ने महिलाओं को मुफ्त यात्रा को बरकरार रखने का सिर्फ मौखिक बयान दिया है, कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ।

## शिक्षा क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले दंपत्ति को दिया जाए भारत रत्न: सुमेर सिंह सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/अलीगढ़: उत्तर** प्रदेश के अलीगढ़ कृष्णांजलि महोत्सव नाट्यशाला में अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत एवं महाराजा सैनी महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन सैनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह एवं भाजपा नेता ठाकुर स्वराज सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले जी के पद चिन्हों पर चलकर वर्तमान पीढी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकती है।
संस्कृतिक सम्मेलन में सुशीला देवी इंटर कॉलेज गंगीरी की छात्राओं ने प्रधानाचार्य डॉ विष्णु कुशवाहा के निर्देशन में फूले दंपत्ति के जीवन वृत पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया। सोनू सैनी डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। दिल्ली से आए प्रसिद्ध मीमीरकी कलाकार ठाकुर चंद्रपाल सिंह चौहान ने विभिन्न पशु-पक्षियों की आवाज निकाल कर दर्शकों की पूर्ण वाह वाही लूटी। हरियाणा समालखा सैनी समाज के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर सूरजभान सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा की प्रसिद्ध महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति से संबंधित पुस्तक किसान का कोड़ा, गुलाम गिरी एवं अन्य पुस्तकों को पढ़कर, उनकी शिक्षाओं पर चलकर हम अपने जीवन में प्रत्येक स्तर पर अग्रसर रहकर सामाजिक कुरीतियों और समाज में फैले पाखंडों को समूल रूप से समाप्त कर सकते हैं। अखिल भारतीय सैनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र सिंह सैनी, सम्मेलन के



आयोजक विजेंद्र सैनी, संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सरदार मुकेश सैनी, पद्म भूषण श्री गोपाल दास नीरज के पूर्व पीआरओ राम सिंह पत्रकार भानु सैनी, प्रकाश सैनी, अमित सैनी, बंटू सैनी, गगन गांधी, राजेंद्र सैनी सोनपाल गांधी, सैनी समाज बुलंदशहर के राजकुमार सैनी, पत्रकार उमेश सैनी, सिकंदराबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी सूरजभान सैनी, नीरज प्रजापति, राजेश सैनी, सुधा सैनी, ऋतु सैनी, नरेंद्र सैनी ने भी इस अवसर पर भारत सरकार से अपील करते हुए कहा कि समाज सुधारक ज्योतिबा फुले दंपत्ति को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाना चाहिए। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सैनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने सम्मेलन की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी कलाकारों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि यह जग जाहिर है की महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने समाज के शोषित वर्ग को नई दिशा प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण भारतवर्ष में अलख जगाई। महिलाओं के सम्मान के लिए सतत संघर्ष किया, जिसके परिणाम स्वरूप पूरे भारतवर्ष में महिलाएं आज पुरुषों के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान कर रही है। उन्होंने भारत सरकार से पुरजोर अपील करते हुए कहा की फूले दंपति को शीघ्र भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाना चाहिए। अलीगढ़ आगमन के अवसर पर सिकंदराबाद, बुलंदशहर, चांदपुर, सहित अनेक स्थानों पर समाज बंधुओ ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी का अभिनंदन किया। सुमेर सिंह सैनी के साथ-साथ डॉ. सूरज भान सैनी समालखा का भी भव्य स्वागत हुआ।

## प्रो.नामवर स्मृति में दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी में हुआ साहित्यिक आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नारायणी साहित्य** अकादमी द्वारा प्रो नामवर स्मृतियों में एक साहित्यिक आयोजन समारोह दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रवासी वरिष्ठ साहित्यकार अरुणा सब्बरवाल रहे। अकादमी की राष्ट्रीय संरक्षक कुसुम जोशी, श्रेष्ठ अतिथि डा.उपासना दीक्षित, विशिष्ट अतिथि कथाकार शन्नो श्रीवास्तव, विशिष्ट भावना गौड़ आदि रही। नामवर सिंह के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया उसके उपरांत मां शारदे के चित्र के समुख नीलम उपाध्याय द्वारा शारदे वंदना करने के साथ ही कार्यक्रम का शुभआरंभ किया गया। सबसे पहले अकादमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा विसेन ने अकादमी के संस्थापक प्रोफेसर नामवर सिंह के विषय में एवं अकादमी के उद्देश्यों के संदर्भ में अपना वक्तव्य दिया। उपासना सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रो नामवर सिंह जिनके जाने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे एक युग चला गया है। हिंदी साहित्य का



ऐसा कोई विद्यार्थी नहीं होगा जिसने प्रो नामवर जी को न पढ़ा हो। मंच की राष्ट्रीय संरक्षक डॉ कुसुम जोशी ने प्रो नामवर की पावन स्मृतियों को नमन किया एवं अपनी पुस्तक शब्द नहीं मरते से एक दो रचनाओं का वाचन किया। विशिष्ट अतिथि अनु श्रीवास्तव ने प्रो नामवर सिंह को नमन करते हुए कहा कि हम उनके बारे में क्या कहें उन से हमेशा सीख सकते हैं ओर उम्र भर सीखते रहेंगे। अतिथि भावना गौड़ ने प्रो नामवर सिंह की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए दोनों पुस्तकों को संक्षिप्त आलोचना की साथ ही महाकुंभ पर अपनी एक बेहतरीन रचना पढ़ी। प्रथम सत्र का मंच का संचालन शायर साहिल संन्यासी ने बेहतरीन अंदाज में किया।
उसके बाद मंचासीन सभी अतिथियों ने नामवर सिंह के विषय में अनेक प्रकार की जानकारी साझा की और अपनी रचनाओं द्वारा सभागार में उपस्थित साहित्यिक लोगों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर डा.कुसुम जोशी की पुस्तक शब्द नहीं मरते एवं तरुणा शर्मा तरु की पुस्तक विचारों का आशियाना संस्कृत का लोकार्पण भी किया गया।

# पधारो हमारे ब्रज, लड्डू से लट्ठमार तक बरसेगा होली का रह रंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: ब्रज** की अनूठी होली में लड्डू होली से लेकर लठ्ठमार होली तक सब कुछ पौराणिक घटनाओं की साक्षी लीलाएं हैं। हर लीला यानी होली का अपना महत्व है। कान्हा और राधा जी से जुडी इन लीलाओं को देख कर श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं। तभी तो किसी ने कहा है सब जग होरी या ब्रज होरा। लगातार प्रचार प्रसार के बाद अब ब्रज की होली को देखने के लिए हर साल भीड बढती जा रही है। लोग ब्रज की होली का साक्षी बनने की लालसा लिए खिंचे चले आते हैं। जिसमें 7 मार्च को बरसाना की लड्डू होली,




8 मार्च को बरसाना की लट्ठमार होली, 9 मार्च को नंदगांव की लट्ठमार होली व गांव रावल की रंग लट्ठमार होली, 10 मार्च को श्री कृष्ण जन्मस्थान व श्री बांके बिहारी जी मंदिर की फूल होली, 11 मार्च को श्री द्वारिकाधीश मंदिर की होली व गोकुल की छड़ीमार

**लीला**

**होली का अपना महत्व है। कान्हा और राधा जी से जुडी इन लीलाओं को देख कर श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं**

होली, 13 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला व गांव फालैन की होलिका दहन, 14 मार्च को धुलेंडी, 15 मार्च को दाऊजी का हुरंगा, नंदगांव का हुरंगा, ग्राम जाब का हुरंगा, मुखराई का चरकुला, 16 मार्च को बठैन का हुरंगा, गिडोह का हुरंगा, 21 मार्च को महावन में छड़ीमार होली तथा 22 मार्च को वृंदावन में श्री रंग जी मंदिर की होली होनी है। मंदिरों में नित्य प्रतिदिन होली खेली जा रही है। भक्तों पर मंदिरों में अबीर गुलाल उडाया जा रहा है। अबीर गुलाल में सराबोर होकर निकलने वाले श्रद्धालु खुद को धन्य मान रहे हैं। होली की खुमारी दिन प्रतिदिन ब्रज में गहरी होती जा रही है। ऐसे में किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो जिला प्रशासन की ओर से पूरे प्रबंध किये जा रहे हैं। बरसाना में 56 पार्किंग, 94 बैरियर, 7 कुंडो की बैरीकेडिंग, 6 वॉच टॉवर बनाए जा रहे है।

# करनावल की घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: बारात** के दौरान करनावल गांव में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जिला कांग्रेस कमेटी ने आलोचना की है। जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल करनावल गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुंलाकात की। कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय निर्देश वह गांव करनावल गए थे। कहा कि 21 फरवरी को शादी के दिन असामाजिक तत्वों द्वारा की गई घटना समूचे समाज के लिए अपमानजनक व्यवहार है। कानून व्यवस्था की यह स्थिति भाजपा की योगी सरकार को आईना दिखाती है। यह प्रदेश की कानून व्यवस्था पर



सवाल है। वारदात के बाद पुलिस के द्वारा कोई भी त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। दोषियों की गिरफ्तारी के साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लख रुपये का मुआवजा दिये जाने की मांग की। कांग्रेस के नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह ने कहा कि दलितों की हितैषी होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के राज में खुलेआम दलित परिवार की बेटियों के साथ जो गुंडागर्दी की गई है। जिला उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर ने कहा कि गांव में तनाव बना हुआ है और यदि पुलिस ने पूरे मामले में सतर्कता नहीं बढ़ती तो दोबारा से कोई भी वारदात पीड़ित परिवार के साथ हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेईई मेन रिजल्ट 2025: रोहतक शहर में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

**रोहतक । एजुकेशन** कंपनी फिजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है` साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है।रोहतक में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। मयंक गाँधी (99.59), प्रियांशु (99.38), और यश मलिक (99.01) रोहतक में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे।चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं` गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है` इन छात्रों ने ढह के ऑफलाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन खएए और लक्ष्य खएए) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दशार्ती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला।अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, ह्लसभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं।

### हाईफन फूड्स ने भारत में आलू की खेती में डिजिटल क्रांति लाने के लिए यू.के. की हार्वेस्टआई के साथ साझेदारी की

**करनाल** : भारत की प्रमुख आलू प्रोसेसिंग कंपनी और फ्रोजन आलू प्रोडक्ट्स की सबसे बड़ी निमार्ता, हाईफन फूड्स ने यू.के. की मशहूर फसल इनसाइट्स कंपनी, हार्वेस्टआई के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करी। इस साझेदारी के तहत हाईफन फूड्स भारत में उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी लेकर आएगी। यह साझेदारी किसानों को बेमिसाल टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी जिससे वह उनकी फसल की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकेंगे।हाईफन ग्रुप के एमडी और ग्रुप सीईओ, हरेश करमचंदानी ने कहा, "यह रणनीतिक साझेदारी हमारे विजन के अनुरूप है, जो ताजा उपज से जुड़े खाद्य उद्योग में क्रांति लाने पर केंद्रित है। हाईफन ग्रुप की एग्रीबिजनेस यूनिट, हाईफार्म के जरिए हम आलू खेती में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ला रहे हैं।हाईफार्म हमेशा नई डिजिटल टेक्नोलॉजी और प्रिसिजन कृषि उपकरणों को अपनाने पर जोर देता है, ताकि आलू की फसल की उत्पादकता, लाभ और गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह आलू मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाता है, और फसल के नुकसान को कम करने में मदद करता है।हार्वेस्टआई, उन्नत मशीन लर्निंग (एएमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित विजन सिस्टम का इस्तेमाल करेगा, जो आलू की फसल का आकार, संख्या और वजन जैसी जानकारियां साथ के साथ देगा।यह साझेदारी हार्वेस्टआई को हाईफार्म के अग्रणी किसान-कनेक्ट डिजिटल इकोसिस्टम फामोर्जी से जोड़ने में भी सक्षम बनाती है। आज फामोर्जी ने आलू खेती में क्रांति ला दी है, जहां किसान फसल सलाह, मिट्टी की सेहत जांच, जल दक्षता मार्गदर्शन, मौसम और रोग अलर्ट, ड्रोन स्प्रे और मशीनीकरण जैसी कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।अब हार्वेस्टआई के साथ इस साझेदारी से आलू किसानों को उनके प्रोडक्ट की प्रोफाइल और गुणवत्ता को लेकर और भी ज्यादा पारदर्शिता मिलेगी। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, प्रोसेसिंग प्लांट को उच्च गुणवत्ता वाले आलू की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और अंतत: वैश्विक उपभोक्ताओं तक बेहतरीन फ्रोजन प्रोडक्ट्स पहुंचाए जा सकेंगे। हाईफार्म के सीईओ, एस. साउंदरराजन ने कहा, हाईफार्म ने हमेशा आलू उद्योग में नए मानक स्थापित किए हैं। भारत में हार्वेस्टआई की शुरूआत हाईफार्म के आलू किसानों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी।

# गांजे के साथ युवक पकड़ा

**मथुरा: थाना मगोर्रा** पुलिस ने 300 ग्राम गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा मोहित तोमर के मुताबिक

चैकिंग के दौरान अभियुक्त नेत्रपाल पुत्र गंगाराम उर्फ गंगू निवासी सतोहा असकरपुर थाना हाइवे को अवैध नशीला पदार्थ गांजा के साथ सौंख मगोर्रा रोड पर नगला खारी मोड से मगोर्रा की तरफ भट्टे से फौडर की तरफ से गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 300 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

# करनावल में बरात में हुड़दंग करने वाले छह को भेजे जेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: करनावल गांव** में हुई घटना के बाद पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। थाना रिफाइनरी पर दुल्हनों के साथ छेडछाड़ व बारातियों के साथ मारपीट व दंगा फसाद करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत हुआ था। एसएसपीने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को लगाया था। लोकेश उर्फ पिंटर पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम करनावल थाना रिफाइनरी, रोहताश पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम करनावल थाना रिफाइनरी, श्रीपाल पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम करनावल थाना रिफाइनरी तथा पवन पुत्र मुरारी



निवासी ग्राम करनावल थाना रिफाइनरी, बृजेश पुत्र मुन्ना उर्फ मुन्नालाल निवासी ग्राम गौशाला थाना रिफाइनरी व बटुआ उर्फ रवि पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम गौशाला थाना रिफाइनरी को अगनपुरा के जंगल से एक अंगूठी लेडीज पीली धातु, एक सरिया लोहे का व एक अदद डंडा के साथ गिरफ्तार किया। 21 फरवरी की रात्रि में ग्राम करनावल गौशाला थाना क्षेत्र मे रिफाइनरी मथुरा मे दबंगों द्वारा दुल्हनों के साथ छेड़छाड़ कर बारातियों के साथ मारपीट की घटना कारित की गयी थी। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार

**मारपीट**

**दुल्हनों के साथ छेड़छाड़ कर बारातियों के साथ मारपीट की घटना कारित की गयी थी**

थाना रिफाइनरी, एसआई मोहनलाल थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार रिफाइनरी, एसआई विपिन तोमर रिफाइनरी, एसआई जगदीश सिंह थाना रिफाइनरी, एसआई उत्तम सिह भडाना थाना रिफाइनरी, एसआई उमंग त्यागी थाना रिफाइनरी, एसआई प्रिया सिवाच थाना रिफाइनरी, एसआई मोनालिसा थाना रिफाइनरी आदि थे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में किसी का उत्पीड़न न हो: डीएम

## एक एक हजार रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य प्राप्त करने के दिये निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: जिलाधिकारी** चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं छटीकरा चौराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक में पीओ नेडा एवं वेंडरों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाए। एक एक हजार रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य प्राप्त करें, किसी भी ग्राहक का उत्पीड़न न हो, समय से सभी वेंडर ग्राहकों को सर्विस दें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने छटीकरा चौराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में ग्राम प्रधान छटीकरा, नगर निगम, एनएचएआई, जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। ग्राम प्रधान, नगर निगम एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि तीनों मिलकर समन्वय के साथ साफ सफाई एवं सिल्ट की सफाई कराना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छटीकरा चौराहे को सुंदर बनाने की योजना तैयार करें, मथुरा से छटीकरा-जैत से छटीकरा जाने वाले सर्विस रोड को सुंदर बनाने के साथ साथ अच्छा व्यू देने पर जोर दिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आकषर्क लगे। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक 27 फरवरी से कार्य शुरू किया जाए।

# रमेश सिप्पी रंगमंच से चुनेंगे फिल्मी कलाकार

**मथुरा।** सुप्रसिद्ध फिल्म निमार्ता निर्देशक रमेश सिप्पी वृंदावन में कलाकारों का चयन करके उनको मुंबई फिल्म इंडस्ट्री मैं अवसर देने हेतु सांसद हेमा मालिनी के आमन्त्रण पर दो दिन के प्रवास पर आ रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने बताया कि अपने प्रवास के समय रमेश सिप्पी ब्रज के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर शूटिंग के लिए स्थानों का भी चयन करेंगे। कान्हा अकादमी के अध्यक्ष डॉ अनूप शर्मा ने बताया कि रमेश सिप्पी गीता शोध संस्थान, वृंदावन के सभागार में 26 व 27 फरवरी को ब्रज के रंगमंच के कलाकारों के साथ साथ अन्य समस्त विधाओं के युवा व बड़ी आयु के कलाकारों का चयन कर मुंबई अवसर देंगे।

# गोदरेज दिल्ली-एनसीआर में दो नए स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रमुख होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड इंटरियो ने दिल्ली एनसीआर के नोएडा और गाजियाबाद में दो नए स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की है। 4000 वर्ग फुट में फैले ये स्टोर उत्तरी भारत में ब्रांड की खुदरा उपस्थिति को बढ़ावा देंगे।

दिल्ली एनसीआर में नए स्टोर के लॉन्च पर बोलते इंटरियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपभोक्ता व्यवसाय के प्रमुख डॉ. देव नारायण सरकार ने कहा, "नोएडा और गाजियाबाद में हमारे नए प्रतिष्ठान आधुनिक भारतीय घरों के लिए प्रीमियम गुणवत्ता, कार्यक्षमता और सौंदर्य अपील के साथ रहने की जगहों को समृद्ध करने के लिए हमारे समर्पण को दिखाते हैं। शोरूम के भीतर, ग्राहक व्यक्तिगत मार्गदर्शन के साथ शैलियों, डिजाइनों और सुविधाओं की विविध रेंज में एक शानदार खरीदारी अनुभव का आनंद ले सकते हैं। इसका लक्ष्य एक स्वागतयोग्य और प्रेरणादायक माहौल को बढ़ावा देना है, जिससे ग्राहक अच्छी तरह से सूचित विकल्प चुन सकें।

स्टोर के रणनीतिक स्थान और बाजार में इंटरियो के मजबूत और बढ़ते ब्रांड रिकॉल के कारण, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 26 तक स्टोर का राजस्व 3.8 करोड़ रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगा। इन नए स्टोर के खुलने के साथ ही, इंटरियो ने उत्तरी भारत में अपना विस्तार किया है, जहाँ इसका एक महत्वपूर्ण ग्राहक आधार है। हम वित्त वर्ष 26 के अंत तक राज्य में अन्य 15 आउटलेट खोलने की योजना बना रहे हैं और अगले तीन वर्षों में 25% की वृद्धि का लक्ष्य रखते हैं। हमें उम्मीद है कि पूरे राज्य के लिए राजस्व 75 करोड़ रुपये और उत्तरी क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। ये स्टोर इंदिरापुरम और नोएडा के सेक्टर 10 के प्रमुख क्षेत्र में स्थित हैं, जो उभरते रियल एस्टेट बाजारों के साथ तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, ये घरेलू फर्नीचर, गद्दे, डाइनिंग फर्नीचर और घरेलू स्टोरेज में विशेष रूप से तैयार गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करता है - जो ब्रांड के लिए सबसे ज्यादा बिकने वाली श्रेणी है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम और नोएडा के सेक्टर 10 के प्रमुख इलाके में स्थित इन स्टोरों का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर के तेजी से बढ़ते आवासीय बाजार का लाभ उठाना है।

# एक्सिस मैक्स लाइफ ने 'भरोसे का टूर' के साथ मनाया भरोसे एवं लाइफ एडवाइजर्स की उत्कृष्टता का उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा । एक्सिस** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने 24 फरवरी, 2025 को पूरे शहर में अपने लाइफ-एडवाइजर्स के नेतृत्व में कस्टमर एंगेजमेंट पहल भरोसे का टूर की शुरूआत की। इस दौरान भरोसे एवं वित्तीय सशक्तीकरण के इस अनूठे उत्सव में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष एडवाइजर्स को चिह्नित करने के साथ-साथ लोगों के संग सार्थक संबंध बनाने की एक्सिस मैक्स लाइफ की प्रतिबद्धता पर जोर दिया



गया। यह पहल एक्सिस मैक्स लाइफ के एडवाइजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है, जिन्होंने 33% एजेंसी ग्रोथ को 723 करोड़ रुपये तक पहुंचाया है और एडवाइजर बेस को 1.2 लाख तक पहुंचाया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 38% की वृद्धि दिखाता है। उनके प्रयासों से 89.3% परसिस्टेंसी रेश्यो संभव हुआ है, जिसमें 240 आधार अंक की बढ़ोतरी हुई है। यह भरोसा और लॉन्ग टर्म वैल्यू डिलीवर करने की उनकी क्षमता दिखाता है। एक्सिस मैक्स लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर सुमित मदन ने कहा, ह्यभरोसे का टूर पिछले दो दशक में अपने ग्राहकों व लाइफ एडवाइजर्स के साथ बनाए गए हमारे स्थायी संबंधों का उत्सव है। 1,50,836 करोड़ रुपये के एसेट अंडर मैनेजमेंट और 17,79,409 करोड़ रुपये के सम एश्योर्ड के साथ ये उपलब्धियां ग्राहकों के साथ हमारे मजबूत भरोसे को दिखाती हैं।

# महाशिव रात्रि: शिवालयों को जाने वाले रास्ते होंगे सुगम

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए होंगे पुख्ता इंतजाम,नगर निगम की व्यवस्थाएं होगीं चाक चौबंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: महापर्व** महाशिवरात्रि को लेकर मथुरा वृंदावन नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ वृंदावन स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं मंदिर के पहुंच मार्गों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम नगर आयुक्त ने गोपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की इसके उपरांत मंदिर के सेवादारों से समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध



में वार्ता की। गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं मंदिर के पहुंच मार्गों का पैदल भ्रमण कर साफ सफाई, मार्गों की प्रकाश व्यवस्था एवं आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने संबंधित सभी अधिकारियों को सभी शिवालयों के आस पास क्षेत्र एवं पहुंच मार्गों पर विशेष साफ सफाई व चूना छिड़काव कराये जाने एवं बैरीकेटिंग लगाये जाने निर्देश दिए गए। मंदिर की ओर जाने वाले सभी पहुंच मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण के लिए निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही शिवालयों की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएं। शिवालयों की ओर जाने वाले सभी पहुंच मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। मन्दिरों के आस पास पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खडे कराये जाने एवं मन्दिरों के बाहर एकत्रित फूलमालाओं, कूडे को साथ के साथ उठवाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही समस्त अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि स्वंय अपनी उपस्थिति में कार्य कराते हुये सुविधापूर्वक महाशिव रात्रि के पर्व को सम्पूर्ण करायें। जिससे की कावडियों, आम दर्शनार्थियों, श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। इस अवसर पर पार्षद शशांक शर्मा, अपर नगर आयुक्त चन्द्र प्रकाश पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशासी अभियन्ता जल राम कैलाश, जोनल सेनेटरी ऑफीसर महेश चन्द सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द, अवर अभियन्ता सिविल अरूण कुमार आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुये।

# खुले आम लग रहीं मीट की दुकान बिगाड़ रहीं फरह की सूरत

## मुख्य मार्ग पर सजती है मीट और मछली की दुकान राहगीरों को परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: फरह** के मुख्य मार्गो व सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम मीट व मछली की दुकानें चल रही हैं, ऐसे में लोगों को इनसे उठती बदबू के बीच रहना पड़ रहा है। इस बात को लेकर लोगों ने कहा कि मीट की दुकानों को बाजार की आबादी से दूर किसी निश्चित स्थान पर लगावाना चाहिए। कस्वा वासियों ने बताया कि कस्वा के ईदगाह मार्ग, पथवारी मार्ग, सर्विस रोड़ सहित मुख्य मार्गों पर मीट-मछली की दुकान सजने से दुर्गंध फैलने के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती है, दुकानदार सड़क पर गंदगी तो फैलाते हैं लेकिन सफाई नहीं करते। विशेष बात तो यह है कि बाजार के मुख्य मार्गो पर चल रही दुकानों के तो लाइसेंस भी नहीं है। चिकन या मटन हो या फिर मछली की बिना जांच कराये ही उसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। जिससे कस्वा में कोई भी बड़ी बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। अगर यही हाल बाजार में कुछ दिन और रहे तो बड़ी बीमारी फैल सकती है। समाजसेवी एवं कस्वा वासियों का कहना है कि सरकार द्वारा खुले में मांस बेचना प्रतिबंधित किया गया है फिर भी दुकानदार नियमों को ताक पर रख कर व्यवसाय कर रहे हैं इन दुकानदारों को नियम के तहत कार्य करने को लेकर प्रशासन को पहल करने की आवश्यकता है।

फास्ट न्यूज

## झारखंड के तीन तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का थाना क्षेत्र में छापेमारी कर तीन अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक किलोग्राम 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान झारखंड के साहेबगंज जिले के रहने वाले मोहम्मद फार्मान (30), अफताब आलम (29) और मोहम्मद अजीज उर्फ रिपन (32) के रूप में हुई है। एसटीएफ के मुताबिक, ये आरोपित मणिपुर से प्रतिबंधित मादक पदार्थ लाकर पश्चिम बंगाल के मालदा में एक नशा कारोबारी को सौंपने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने फरक्का में कार्रवाई करते हुए इन्हें पकड़ लिया। पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने इस पूरे मामले में फरक्का थाने में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने सोमवार शाम इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन जुड़े हुए हैं। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। फरक्का इलाके में इससे पहले भी कई बार नशे के अवैध कारोबार से जुड़े मामलों में गिरफ्तारी हो चुकी है। एसटीएफ अब इस मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुटी है, ताकि पूरे नेटवर्क का पदार्फाश किया जा सके।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने को तैयार मानेसर निगम

**गुरुग्राम। मानेसर** नगर निगम का दावा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने को तैयार है। सर्वेक्षण की शर्तों के अनुसार नगर निगम इलाके में अच्छा काम कर रहा है। निगम क्षेत्र से डोर-टू डोर कूड़ा उठान प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लिगेसी वेस्ट का ट्रोमल मशीन के द्वारा निष्पादन किया जा रहा है। इसी के साथ निगम के सफाई कर्मचारी नाइट स्वीपिंग भी कर रहे है।

# समाजवादी से सनातनी हो गए हैं नेता प्रतिपक्ष: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में लिया भाग

चर्चा

▶▶ सोशल मीडिया पर सपा के विचारों की अभिव्यक्ति देख सभ्य समाज महसूस करता है लज्जा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बजट सत्र के पांचवें दिन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर चर्चा है। इसमें सत्ता पक्ष से जुड़े 98 और प्रतिपक्ष के 48 (कुल 146 सदस्यों) ने चर्चा में भाग लिया है। सीएम ने कहाकि नेता प्रतिपक्ष समाजवादी से सनातनी हो गए हैं। स्वभाव के विपरीत उन्होंने अपने सदस्यों को टोका भी। स्वागतयोग्य है कि आपने इस विषय को समझा और महत्व देकर सम्मान का भाव प्रकट किया। सीएम ने सपा के सोशल मीडिया सेल के हैंडल के जरिए उन पर प्रहार किया।

**जिससे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होती हो, उन सबके प्रति हमारे मन में श्रद्धा का भाव**
नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर सीएम ने जवाब देते हुए कहा कि जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरोद्धार व सुंदरीकरण का कार्य कर रहे हैं। भारत के प्रति सम्मान का भाव रखने वाले और सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रखने वाले सभी पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं। गुरु गोविंद सिंह के चार-चार पुत्रों की शहादत के प्रति सम्मान का भाव ही है कि पीएम मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है। पहली बार गुरुवाणी का पाठ निरंतर मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकरों, सिख परंपरा, कबीरपंथी, रविदासी, महर्षि वाल्मीकि की परंपरा या भारत के अंदर जन्मी हर उस उपासना विधि का, जिससे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होती हो और देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ता है, उन सबके प्रति हमारे मन में श्रद्धा व सम्मान का भाव है।

**सोशल मीडिया पर सपा के विचारों की अभिव्यक्ति देख सभ्य समाज महसूस करता है लज्जा**
मुख्यमंत्री ने पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दृश्य की चर्चा की। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को इंगित करते हुए बोले कि आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे महानुभावों के प्रति आप लोगों का दृष्टिकोण क्या है, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के दृश्य देखकर इसका सहज अनुमान लगा सकते हैं। जो शोरशराबा, टिप्पणियां और राज्यपाल के प्रति व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था। यदि ऐसा व्यवहार संवैधानिक है तो फिर असंवैधानिक क्या है। आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन वास्तविक आचरण देखना है कि सपा सोशल मीडिया सेल का हैंडल देखिए। वह उनकी विचारधारा, आंतरिक शिष्टाचार, लोकतंत्र के प्रति उनके विचारों की अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है।



### अब तक 63 करोड़ श्रद्धालुओं ने लिया भाग: सीएम

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि 2013 में आपको जाने नहीं दिया गया था। इस बार आप गए थे। आपने स्नान किया, सुविधाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। व्यवस्था सरकार की थी, माध्यम अध्यक्ष जी थे। महाकुम्भ में यदि विश्वस्तरीय सुविधा नहीं होती तो अब तक 63 करोड़ श्रद्धालु उसका हिस्सा नहीं बनते। अनुमान है कि 26 फरवरी तक यह संख्या 65 करोड़ पार करेगी। भारत में 144 करोड़ लोग रहते हैं, इसमें 110 करोड़ सनातन धर्मावलंबी हैं। नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर सीएम ने जवाब देते हुए कहा कि जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरोद्धार व सुंदरीकरण का कार्य कर रहे हैं। पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं।

### सीएम ने समझाया देव, दानव व महामानव का अंतर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की टिप्पणी से बात का आगाज किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि मानव का मानव होना उपलब्धि है, मानव का दानव होना पराजय और मानव का महामानव होना उसकी विजय है। मानव, दानव व महामानव (देव) तीनों श्रेणी सदा रही है। मान्यता है कि महर्षि कश्यप की दो रानियां थीं। एक से देव व दूसरे से दानव हुए। सीएम ने कहा कि कर्म, आचरण, व्यवहार उन्हें उस श्रेणी में पहुंचाता है। सीएम ने देव, दानव व महामानव का अंतर बताया। समाजवादी जब अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अच्छा लगा कि आपने महाकुम्भ, सनातन परंपरा व अयोध्या धाम को स्वीकार किया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीनियर आईपीएस केवल खुराना को अर्पित की श्रद्धांजलि।

## भारतीय संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान से प्रभावित हुए विदेशी डिप्लोमैट

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहैम ने महाकुम्भ 2025 में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा अनुभव किया। उन्होंने इस महापर्व में अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचीन भारतीय विचारधारा और प्रकृति के प्रति सम्मान की सराहना की। एरिक सोलहैम ने कहा, "महाकुम्भ में आना एक अद्भुत अनुभव रहा। भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि मानव प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है। पश्चिमी सोच में इंसान को प्रकृति से ऊपर माना जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में नदियों, जंगलों, पशु-पक्षियों और धरती माता की पूजा की जाती है।" उन्होंने गंगा स्नान के अनुभव को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका भी है।

## उपमुख्यमंत्री के बयान पर भड़का विपक्ष, हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। उत्तर प्रदेश** विधान सभा बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही पांचवें दिन सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई। प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य समरपाल सिंह के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता के एक बयान का उल्लेख कर दिया तो सपाई वेल में आ गए।
विधान सभा अध्यक्ष द्वारा उक्त वक्तव्य को कार्यवाही से बाहर करने के आश्वासन के साथ सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा के सदस्य समरपाल सिंह के प्रश्न का उत्तर दे रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा सदस्य को इंगित कर कहा कि कहा कि अपने नेता जी की बात मानते हो, जिन्होंने कहा था कि लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है। इसके बाद सपा के सदस्य वेल में आ गए।

विरोध

▶▶ वक्तव्य बाहर किए जाने के आश्वासन के उपरांत सदन की दो घंटे बाद कार्यवाही बढ़ी आगे

## प्रयागराज महाकुम्भ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के पवित्र जल में पुण्य की डुबकी लगाई है। श्रद्धालुओं के हजारों की संख्या में चार पहिया वाहन भी महाकुम्भ क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं, बावजूद इसके महाकुम्भ नगर की आबो हवा प्रदूषित नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी एयर क्वालिटी इंडेक्स से यह बात सामने आई है।



**महाकुम्भ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना नया रिकॉर्ड**
महाकुम्भ में देश की 60 फीसदी से अधिक आबादी संगम के पावन जल में पुण्य की डुबकी लगाकर चली गई। लाखों चार पहिया वाहन भी यहां रहे।
बावजूद इसके महाकुम्भ क्षेत्र की आबोहवा सेहत के लिए खराब नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी आंकड़ों से इसे बल मिला है।

आबो हवा

▶▶ 13 जनवरी से अब तक 42 दिन ग्रीन जोन में रहा नगर निगम क्षेत्र का एयर क्वालिटी इंडेक्स

## भांग उत्तराखण्ड का बहुपयोगी पौधा: त्रिवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** जिला मुख्यालय विकास भवन के सभागार में गोहेम्प एग्रोवेंचर्स द्वारा ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना एवं एनआरएलएम के तत्वावधान में हेम्प (भांग) के जागरूकता, दुरुपयोग और आजीविका साधन बनाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री रावत का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भांग



(हेम्प) की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिमालय का यह बहुपयोगी पौधा रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और ऊर्जा के लिए कच्चा माल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि भांग के प्रत्येक भाग का अलग-अलग उपयोग है। पत्तियाँ आयुर्वेदिक दवाओं में, बीज चटनी और तेल के लिए, रेशे कपड़े और रस्सी निर्माण में, लकड़ी भवन निर्माण के लिए तथा कागज, बायोप्लास्टिक, इंसुलेशन और बायोडीजल जैसे उत्पादों में इसका प्रयोग होता है।

प्रकाश डाला

▶▶ कागज, बायोप्लास्टिक, इंसुलेशन और बायोडीजल जैसे उत्पादों में इसका प्रयोग होता है

## पीएम के प्रस्तावित हर्षिल मुखवा दौरे की तैयारियों को परखने पहुंचे सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी।** गंगा जी के शीतकालीन प्रवास मुखवा में प्रधानमंत्री के नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों जोरों पर है। पीएम के आगमन की तैयारियों के का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखवा स्थित गंगा मंदिर में पर पूजा अर्चना के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की। पीएम पहली बार शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने और वाइब्रेंट विलेज योजना के कार्यों को देखने के लिए हर्षिल और मुखवा आ रहे हैं।

यात्रा | बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने लगाई आस्था की डुबकी, अद्भुत व्यवस्था के लिए सीएम योगी को कहा धन्यवाद

## महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों,



आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है।

**अक्षय कुमार बोले अद्भुत व्यवस्था, पुलिस और कर्मचारियों को धन्यवाद**
संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, "मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है।" इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया।

